* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 सितंबर, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 312

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में तेजी से न्याय जरूरीः मोदी



## उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में अभ्यर्थियों की मौत का सिलसिला जारी

# हजारीबाग में युवक ने तोड़ा दम, अब तक 10 मरे

- सीएम तक पहुंची बात, अधिकारी तलब, बाबूलाल ने हेमंत को कठघरे में खड़ा किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग/रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा उत्पाद सिपाही की बहाली के लिए राज्य भर में आयोजित दौड़ परीक्षण गंभीर विवाद में फंस गया है। पिछले आठ दिनों में 10 अभ्यर्थियों की मौत और कई अन्य के गंभीर रूप से बीमार होने के कारण मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। इधर हजारीबाग के पदमा प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित दौड़ के दौरान एक और युवक की मौत हो गयी है। वह दौड़ने के क्रम में चक्कर खाकर गिर गया था। उसे तत्काल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। उसकी पहचान सूरज वर्मा (माणिकाबाद, देवरी, गिरिडीह) के रूप में हुई है।

इससे पहले पलामू जिले में इसी परीक्षा के दौरान तीन युवकों की मौत हो चुकी है। उन सभी की मौत का कारण प्रचंड गर्मी के बीच आयोजित हो रही इस शारीरिक परीक्षण को बताया जा रहा है। इस टेस्ट में एक घंटे में 10 किलोमीटर दौड़ना पड़ रहा है। पलामू जिले में 27 अगस्त को शुरू हुए इस टेस्ट में अब तक 82 अभ्यर्थी दौड़ते समय बेहोश होकर अस्पताल पहुंच चुके हैं। गिरिडीह में भी शुक्रवार को दौड़ते समय एक युवक के बेहोश होकर गिरने की घटना हुई है। सुमित नाम का यह युवक इस समय अस्पताल में जिंदगी-मौत से जूझ रहा है।

### सीएम ने लिया संज्ञान, अफसरों को तलब किया

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेएसएससी द्वारा आयोजित इस परीक्षण के दौरान अभ्यर्थियों की मौत और बीमार होने की खबर को गंभीरता से लिया है। उन्होंने राज्य के विभिन्न हिस्सों से आ रही खबरों को दुखद बताते हुए अधिकारियों को तलब किया है। उन्होंने इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पर्याप्त उपाय करने का निर्देश दिया है।

### अब तड़के 4.30 बजे से होगी दौड़

इस बीच अधिकारियों ने जेएसएससी से इस टेस्ट को दिन की बजाय तड़के आयोजित करने पर विचार किया। बाद में फैसला किया गया कि अब यह टेस्ट तड़के 4.30 बजे से आयोजित होगा।

### युवकों की मौत का जिम्मेदार कौनः बाबूलाल



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने पूछा है, हेमंत बाबू, आप नौकरी बांट रहे हैं या मौत। बाबूलाल ने कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती की अधिसूचना 8 अगस्त को निकली और 14 अगस्त को एडमिट कार्ड दिया गया। शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए 22 अगस्त से दौड़ का आयोजन शुरू किया गया। ऐसे में महज 15 दिनों में अभ्यर्थी दौड़ की क्या तैयारी करेंगे? उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की ओर से आपाधापी में भादो की उमस भरी गर्मी में दौड़ आयोजित कराने के कारण ही राज्य के 10 बेरोजगार युवक मौत के मुंह में समा गये। हेमंत सरकार ने भर्ती केंद्रों पर ना तो पीने के पानी की व्यवस्था की है, ना शौचालय की और ना ही छोटे बच्चों को स्तनपान कराने की कोई व्यवस्था है। ऐसी कुव्यवस्था से तो बेरोजगार युवा मरेंगे ही। बाबूलाल ने कहा कि हेमंत जी, लगता है आपने नौकरी नहीं देने के लिए ही मौत बांटने का इंतजाम पक्का कर दिया है। जनता को बताइए कि आखिर इन बेरोजगार युवकों की मौत का जिम्मेवार कौन है? राज्य सरकार इन युवकों की मौत की न्यायिक जांच कराये और मृत युवकों के आश्रितों को उचित मुआवजा तथा सरकारी नौकरी उपलब्ध कराये।

## मोदी ने दी तीन वंदे भारत ट्रेन की सौगात

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तीन नयी वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी। इनमें से एक मेरठ को लखनऊ से, जबकि दो अन्य दक्षिण भारतीय शहरों मदुरै को बेंगलुरु और चेन्नई को नागरकोइल से जोड़ेंगी। मोदी ने हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दक्षिणी राज्यों का तेजी से विकास महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि तमिलनाडु और कर्नाटक के लिए बजटीय आवंटन में वृद्धि से दक्षिणी राज्यों में रेल परिवहन मजबूत हुआ है। मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन यात्रियों को दोनों शहरों के बीच मौजूदा सबसे तेज ट्रेन की तुलना में लगभग एक घंटे पहले पहुंचायेगी। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक भारतीय रेलवे सभी के लिए आरामदायक यात्रा की गारंटी नहीं बन जाती।

# लोबिन हेंब्रम ने थामा भाजपा का दामन

- कहा-झामुमो अब गुरुजी की पार्टी नहीं रही
- यहां पुराने नेताओं की पूछ नहीं होती

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के कद्दावर नेता रहे लोबिन हेंब्रम ने भी पार्टी को अलविदा कह दिया है। वह भाजपा में शामिल हो गये हैं। चंपाई सोरेन के बाद भाजपा में शामिल होनेवाले वह झामुमो के दूसरे बड़े नेता हैं। लोबिन बोरियो से विधायक भी थे। शनिवार को उन्होंने औपचारिक रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर असम के सीएम सह भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, सीता सोरेन और अमर बाउरी मंच पर उपस्थित थे। इन लोगों ने लोबिन हेंब्रम का पार्टी में स्वागत किया।

**झामुमो की पहली कतार के नेता थे :** लोबिन हेंब्रम ने झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी थी। उनकी गिनती संताल परगना के तेज-तर्रार नेताओं में होती है। वह झारखंड आंदोलन के समय गुरुजी के साथ थे और आज भी वह गुरुजी को आदर्श मानते हैं। वह बोरियो से पांच विधायक रह चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी से बगावत कर उन्होंने राजमहल सीट से चुनाव लड़ा था। इस आरोप में वह पार्टी से बरखास्त कर दिये गये थे। दलबदल के तहत विधानसभा से उनकी सदस्यता भी रद्द कर दी गयी थी।

**झामुमो से नहीं, पार्टी के नये नेताओं से नाराजगी :** मौके पर लोबिन हेंब्रम ने कहा कि उनकी झामुमो से नहीं, बल्कि नये नेताओं से नाराजगी है। गुरुजी उनके आदर्श रहे हैं और अब भी हैं। लेकिन झामुमो अब गुरुजी वाली पार्टी नहीं रही। इसमें पार्टी के पुराने नेताओं की कोई इज्जत नहीं रह गयी है। धीरे-धीरे पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता किनारा कर रहे हैं।

### कई वरिष्ठ नेता भी बदलेंगे पाला

लोबिन ने कहा कि उन्होंने झामुमो को सजाया-संवारा। आज भी वह गुरुजी के भक्त हैं। चंपाई दा के साथ मिल कर हमने झामुमो को एक लक्ष्य तक पहुंचाने का संकल्प लिया था। लोबिन ने कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ शराब नीति का सदन में विरोध किया था। गुरुजी बराबर शराब के खिलाफ थे।

### बदल रही है संताल की डेमोग्राफी

संथाल परगना की डेमोग्राफी पर लोबिन ने कहा कि बांग्लादेशियों की वजह से आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है। झारखंड की दुर्गति हो रही है। मैंने प्रधानमंत्री और देश के गृह मंत्री पर विश्वास जताते हुए भाजपा का दामन थामा है। आदिवासियों को उसके हक और अधिकार दिलाने के लिए हम मिल कर काम करेंगे।

# हम किसी को किडनैप करके नहीं लातेः हिमंता बिस्वा सरमा

- दूसरे दल में जो भी अच्छे सोचवाले लोग हैं, उन्हें लाकर देश को मजबूत बनाना चाहते हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि लोबिन हेंब्रम झारखंड आंदोलन का बड़ा चेहरा हैं। वे एक बड़े आदिवासी नेता हैं। चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम के आने से पार्टी को बल मिलेगा। हमारा यह लक्ष्य और आदर्श ही है कि सब लोग भाजपा में आयें। मेरा यह काम ही बनता है कि जो भी अच्छा सोचने वाले लोग अलग पार्टी में हैं, उन्हें भाजपा में लाकर देश को मजबूती दें। हम तो किसी को किडनैप करके नहीं लाते, समझा कर लाते हैं। यह मेरे लिए गोल्ड मेडल जैसी बात है। हिमंता सरमा ने कहा कि हम हेमंत सोरेन को भाजपा में आने का न्योता नहीं दे रहे हैं। बस इतना कह रह हैं कि घुसपैठियों के खिलाफ आवाज बुलंद कीजिए। हमारी पार्टी आपके कदम से कदम मिला कर साथ चलेगी। झारखंड को घुसपैठियों से मुक्त कराना है।

USHA MARTIN UNIVERSITY
USHA MARTIN UNIVERSITY — Inclusion, Innovation & Ethics
ISO 9001 : 2015 Certified, Member of Association of Indian Universities (AIU)
Recognized by University Grants Commission (UGC)
Approved by: PCI | BCI | JNC | AICTE
The Future Starts Here
Admission Open (2024-25)
Upto 3 CRORES Worth Scholarships for Meritorious & Deserving Students
EXCELLENT Internships & Placement Opportunities
World Class SPORTS FACILITIES
- BBA | MBA
- B.COM (Hons.) | Taxation
- BCA | MCA
- B.Tech (Mechanical, Mining, Computer Science, Civil)
- B.Tech (Lateral Entry)
- M.Tech (Mechanical, Mining, Computer Science, Civil)
- Polytechnic Diploma in Engineering (Mining, Civil, Electrical & Electronics, Computer Science, Mechanical) APPROVED BY AICTE
- BA (English) Hons.
- MA (Education) | MA (English)
- B.Sc in Mathematics & Computing
- B.Sc Agriculture (Hons.)
- M.Sc Agriculture
- D.Pharm | B.Pharm
- B.Sc Forensic Science
- Bachelor in Physiotherapy (BPT)
- B.Sc Medical Lab Technology (MLT)
- B.Sc Radiography & Imaging Technology
- B.Sc Operation Theatre Technology (OT)
- B.Sc (Nursing) | GNM
- B.B.A. LL.B (Integrated) | LL.M
- B.Sc. (Hons.) Criminology
- BJMC (Bachelor in Journalism & Mass Comm.)
- Diploma in Creative Writing
Scan for more information
100% PLACEMENT ASSISTANCE
PROGRAMMES with Super Specialization
B. TECH CSE: AI & ML, Data Science, Cyber Security
B. TECH - Mechanical: i) EV Design & Production, ii) Embedded System
B. TECH - Civil: i) Highway & Mobility Design, ii) High Rise Building Design
BBA/MBA: Business Intelligence & Data Analytics, Banking, Finance & Insurance
BCA/MCA: Blockchain, Mobile Computing, Cyber Security Data Science
OUR PLACEMENT ASSOCIATES
Capgemini, ICICI Prudential, SBI card, Axis Bank, vivo, wipro, HDFC Bank, Bajaj, Reliance, Vivanta, Shriram General Insurance, Federal Bank, Annapurna Finance, Sigma, Triveni, Jindal Steel & Power
★★ Ranked NO. 1 UNIVERSITY in Jharkhand by OPEN MAGAZINE ★★
At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Ranchi : +91 9355 564 011
Patna : +91 9952 923 636
E-mail: admission@umu.ac.in
Website: www.umu.ac.in

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxilary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

श्री Siddhi Vinayak construction
VINAYAK GREEN CITY
Ormanjhi, Ranchi
(Project Of Shree Siddhi Vinayak Construction)
Total Area: - 40 Acre.
Plot Size : - 1000 Sqft = 25x40 (2.29 Dismal)
Plot Rate : - 10 Lakh Till 1st Sep. 2024
Corner Charge: 15% Extra
12 Lakh Effect from 02 Sep. 2024
Amenities
- Outer Boundary Cover under 40 Acre of Project.
- 3 main Road entrance (30 feet road with gate and
- Security Room) from NH33 Bokaro - Dhanbad Highway.
- 2 Main Road entrance from Ranchi - Hazaribag Highway.
- Playground for society.
- Community hall for Society.
- Park for Society.
- Electricity.
- Drainage.
BOOKING OPEN
Only General Plot Available
Mob.: +91 85219 80977 +91 93042 80115

JGi ARKA JAIN University Jharkhand
NAAC GRADE A ACCREDITED UNIVERSITY
PROMISING CAREER AVENUES AWAIT YOU @ HUMANITIES
Pursue Career - Oriented BA (H) Program in English, Fashion Design, Journalism and Mass Comm.
5K+ Students | 07 Schools | 30+ Programmes | 175+ Faculty Members | 23 LPA Highest Package
ADMISSIONS OPEN (2024-25) FOR CAREER-FOCUSED UG / PG / DIPLOMA / PH.D. PROGRAMMES
ENGINEERING & IT
- B. Tech (CSE)*
- B Tech (ME / EEE / AI & ML)
- B. Tech (AI & DS) with IBM
- BCA
- BCA (AI & DL) with IBM
- BCA (Cyber Security) with Cyber Dojo
- MCA (AI & DL) with IBM
- Diploma in Engineering (ME / EEE / CSE / Mechatronics)
- B. Tech / BCA + Data Analytics (IoA, UK)
- M. Tech (Manufacturing Engg. / CSE / EV Technology)
HUMANITIES
- BA (H) - English
- BA (H) - Fashion Design
- BA (H) - Journalism & Mass Comm.
COMMERCE & MANAGEMENT
- BBA
- BBA (Capital Market) with SMI
- BBA (Digital Marketing) with ISDC
- B.Com (H)
- B Com Hons (Capital Market) with SMI
- MBA
NURSING
- B. Sc Nursing
PHARMACY
- B. Pharm
- D. Pharm
LAW
- BBA LLB (H)
HEALTH & ALLIED SCIENCE
- B. Optometry
- B. Sc Biotechnology
- B.Sc. (H) in MLT with Emversity
- B.Sc. (H) in A & OTT with Emversity
RESEARCH
- Ph.D in Commerce
- Ph.D in Management
- Ph.D in English
- Ph.D in Computer Science
- Ph.D in Journalism & Mass Comm.
- Ph.D in Electrical & Electronics Engg.
- Ph.D in Mechanical Engineering
- Ph.D in Pharmacy
- Ph.D in Biotechnology
- D.Litt.
*B Tech CSE admissions closed for the current academic year.
ADMISSION END DATE - 31st OCTOBER 2024
LATERAL ENTRY PROGRAMMES - DIPLOMA IN ENGINEERING (ME, EEE, CSE), BCA, B. TECH (ME, EEE, CSE), B. PHARM, B. OPTOMETRY
JGi ARKA JAIN University Jharkhand | NAAC GRADE A ACCREDITED UNIVERSITY
Ph.D Notification against Vacant Seats in Doctoral Program
ADMISSION OPEN 2024-25
THE UNIVERSITY INVITES APPLICATION FOR ADMISSION IN ITS PH.D. PROGRAM AGAINST VACANT SEATS AFTER THE THIRD ROUND
IN THE FOLLOWING DOMAINS
- COMMERCE
- MANAGEMENT
- BIOTECHNOLOGY
- PHARMACY
- ELECTRICAL & ELECTRONICS ENGINEERING
- JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
- MECHANICAL ENGINEERING
Last Date of Submission of Application Form : 14th September 2024
Date of Ph.D Entrance Test : 21st September 2024
Interested candidates can obtain the application form from our Admission Office / University Campus or can apply online through our website : www.arkajainuniversity.ac.in
Note :-Candidates who have qualified UGC - NET (including JRF ) / UGC - CSIR NET (including JRF ) / SLET / GATE / M. Phil. / GPAT are exempted from the written test. They need to only appear for the interview to get selected for enrolment in the Ph.D programme.
Candidates interested for D.Litt Program may apply by 30th September, 2024
1800-1200-200 | 0657-2220285 | 8406800562
Apply Online: www.arkajainuniversity.ac.in
Chaibasa/CKP: 8406800563 | Ghatshila: 9955062615
Hazaribagh: 7903233264 | Bokaro: 6201696510
Admission Office: D-28, Danish Arcade,Opposite Asian Inn Hotel, Dhatkidih, Jamshedpur - 831001
Campus Address: Opposite Kerala Public School, Mohanpur, Gamharia, District Seraikela Kharsawan, Jharkhand - 832108

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 01 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# झामुमो के सामने कठिन परीक्षा की घड़ी

## ■ दो कद्दावर नेताओं के पार्टी छोड़ने के बाद नेतृत्व का लिटमस टेस्ट

## ■ हेमंत की क्षमता पर कोई सवाल नहीं, लेकिन कार्यकर्ता आक्रामक रूप देखना चाहते हैं

**झारखंड की सबसे ताकतवर क्षेत्रीय पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा इन दिनों परीक्षा की घड़ी से गुजर रही है। विधानसभा चुनाव से पहले दो कद्दावर नेताओं, चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम के पार्टी छोड़ने के बाद से अब नेतृत्व के सामने डैमेज कंट्रोल की चुनौती है। वैसे लोकसभा चुनाव से पहले भी झामुमो को बड़े पैमाने पर कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। उस समय हेमंत सोरेन जेल में थे, इसलिए जेएमएम के नेताओं की नाराजगी को ठीक से हैंडल नहीं कर पाने का कारण बताया गया। खैर लोकसभा चुनाव में कई नेताओं के बगावती रुख अख्तियार करने के बाद भी झामुमो की राजनीतिक सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा, बल्कि वह और मजबूत दिखी। अब एन विधानसभा चुनाव के वक्त पार्टी के दो कद्दावर नेताओं ने झामुमो को अलविदा कह दिया है। यह सब उस पार्टी में हो रहा है, जहां शिबू सोरेन का नाम ही काफी है और हेमंत सोरेन के सामने भले ही कोई कुछ भी बोल ले, पार्टी के खिलाफ बोलने से परहेज करता था। कम से कम चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम के बारे में तो कहा ही जा सकता है कि आज भी शिबू सोरेन को लेकर उनके मन में कोई मलाल नहीं है। इन दोनों की चर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि कभी ये दोनों गुरुजी के दायें-बायें हाथ कहे जाते थे। यह सच है कि झामुमो के संस्थापक शिबू सोरेन के फैसलों का विरोध आज तक झामुमो में किसी ने नहीं किया और यही कारण है कि स्थापना के 52 साल बाद भी झामुमो झारखंड में बड़ी राजनीतिक ताकत बनी हुई है। गुरुजी की अस्वस्थता और हेमंत सोरेन के पास पार्टी की जिम्मेदारी आने के बाद झामुमो में बहुत कुछ बदला, लेकिन फिर भी बगावत जैसी बात कभी नहीं हुई। लेकिन अब परिस्थितियां बदल रही हैं। ऐसे में झारखंड की इस सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी के सामने लगातार चुनौतियां मुंह बाये जा रही हैं। वैसे हेमंत सोरेन इस परिस्थिति का गंभीरता से आकलन भी कर रहे होंगे।**

**आजाद सिपाही विशेष**

**चुनाव से पहले गुरुजी के करीबी दो कद्दावर नेताओं का जेएमएम से मोह भंग होना पार्टी के लिए कहीं से भी ठीक नहीं है। अब हेमंत सोरेन का अधिकतर समय पार्टी को टूट से बचाने पर जाया होगा और जो गये उनकी वैकल्पिक व्यवस्था करने पर होगा। विधानसभा चुनाव दूर नहीं है। चलिए एक वक्त तो माना जा सकता है, हेमंत अभी भी जेएमएम को मजबूत परिस्थिति में रख सकते हैं, क्योंकि अभी भी झारखंड में जेएमएम को कमजोर करना लोहे के चने चबाने जैसा ही है। लेकिन कांग्रेस जो जेएमएम के कंधे पर लटकी रहती है, उसका क्या होगा। हेमंत सोरेन की पहली प्राथमिकता यह होगी कि वह अब भी जेएमएम को झारखंड में नंबर वन पार्टी बनाये रखें। ऐसी हालत में कांग्रेस का क्या होगा, जिसने साढ़े चार साल तक सिर्फ और सिर्फ सत्ता की राजनीति की है। उसने पार्टी संगठन के विस्तार के लिए एक भी बड़ा कार्यक्रम नहीं किया। लोकसभा चुनाव की बात को छोड़ दें, तो नये प्रदेश अध्यक्ष के आने तक पार्टी के अधिकांश नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई में हीं मशगूल रहे। कांग्रेस के अधिकांश मंत्रियों ने एकाध को छोड़ कर इस दरम्यान अपने कद को ही निखारने में अधिकांश समय जाया किया। किसी की यह चिंता नहीं रही कि पार्टी कैसे जन-जन तक पहुंचे। चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने और उनके द्वारा कांग्रेस पर करारा प्रहार करने के पीछे कहीं न कहीं भाजपा की यह रणनीति ही है कि वह महागठबंधन की सबसे कमजोर कड़ी कांग्रेस को निशाने पर ले। भाजपा यही चाहती है कि हेमंत सोरेन डैमेज कंट्रोल में उलझे रहें और भाजपा कमजोर कड़ी कांग्रेस की जमीन खिसकाती रहे। अपने मकसद में भाजपा कामयाब हो पाती है या नहीं, यह तो समय के गर्भ में है, लेकिन फिलहाल उसने झामुमो की चिंता बढ़ा दी है। इन सबका क्या असर पड़ेगा चुनाव में, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड में विधानसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच पाला बदलने का खेल बेहद चर्चा में है। यह खेल झामुमो और भाजपा के बीच हो रहा है, जिसमें फिलहाल भाजपा 2-0 से आगे है। झामुमो के दो कद्दावर नेताओं, चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम ने पार्टी को अलविदा कह दिया है और भाजपा में चले गये हैं। इसके बाद से अब झामुमो के सामने परिस्थितियों को संभालने का बड़ा चैलेंज पैदा हो गया है। हालांकि हेमंत सोरेन अब भी पार्टी के निर्विवाद नेता हैं, और उनकी नेतृत्व क्षमता को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन इन दोनों पुराने नेताओं ने पार्टी के भीतर की जो स्थितियो बयां की है, उससे साफ होता है कि झारखंड की इस सबसे ताकतवर पार्टी के भीतर कुछ तो है, जो नाराजगी की स्थिति उत्पन्न कर रहा है। एक बड़ा राजनीतिक सवाल, झारखंड के लोगों के दिमाग में रह-रह कर कौंध रहा है कि आखिर राज्य की सबसे ताकतवर क्षेत्रीय पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर से विरोध के स्वर मुखर रूप से कैसे और क्यों सुनाई देने लगे हैं। झामुमो झारखंड की ऐसी क्षेत्रीय पार्टी है, जिसने पिछले पांच दशक से भी अधिक समय से यहां की राजनीति की नुमाइंदगी की है, राज्य पर शासन भी किया है और विपक्ष की भूमिका भी शिद्दत से निभायी है। लेकिन हाल के दिनों में ऐसा पहली बार देखा जा रहा है कि कभी गुरुजी के सबसे करीब रहे दोनों नेताओं ने अलग रास्ता अख्तियार कर लिया, बावजूद इसके उनके मन में गुरुजी के प्रति आदर कम नहीं हुआ है।

चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम का झामुमो छोड़ना सामान्य बात नहीं है। ये दोनों पार्टी की पहली कतार के नेता थे। दोनों की पहचान शिबू सोरेन के सबसे विश्वसनीय सहयोगियों के रूप में थी। पार्टी की नीतियां तय करने में दोनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। ऐसे में यदि इन दोनों ने पार्टी छोड़ी है, तो इस पर झामुमो को मंथन करना ही चाहिए।

हालांकि यह पहली बार नहीं है कि झामुमो के बड़े नेताओं ने पार्टी छोड़ी है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भी झामुमो में अचानक नाराजगी देखी गयी थी। पहले पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने परिवार और पार्टी से बगावत कर भाजपा का झंडा थामा था। फिर विशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा ने पार्टी के फैसले का विरोध कर लोहरदगा संसदीय सीट से नामांकन दाखिल कर दिया। पार्टी के पूर्व विधायक बसंत लोंगा भी खूंटी सीट से बतौर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे, तो जयप्रकाश वर्मा कोडरमा संसदीय सीट से उतर गये। बोरियो से पार्टी के विधायक लोबिन हेंब्रम भी बागी बने और राजमहल सीट से चुनाव लड़े। यह अलग बात है कि इनमें से किसी को सफलता नहीं मिली, लेकिन किसी भी पार्टी के लिए इसे शुभ संकेत नहीं माना जा सकता।



### झामुमो में कभी ऐसी स्थिति नहीं आयी

झामुमो के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब उसकी पहली कतार के दो नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। लोकसभा चुनाव से पहले इन दो नेताओं की बगावत को चुनावी दांव-पेंच माना जा सकता है, लेकिन चंपाई और लोबिन के पार्टी छोड़ने को महज चुनावी राजनीतिक स्टंट नहीं कहा जा सकता। ये दोनों नेता ऐसे हैं, जिनकी गिनती चुनावी राजनीति से ऊपर होती थी। सीता सोरेन और दूसरे बागी नेताओं के बारे में कहा जा सकता है कि उन्हें चुनावी लाभ की चिंता थी, लेकिन चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम ने जो मुद्दे उठाये हैं, उनसे तो ऐसा नहीं लगता कि वे चुनावी लाभ के लिए दूसरी पार्टी में गये हैं। संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे को सिरे से नकारा नहीं जा सकता। भले ही दस्तावेज के आधार पर ऐसे मुद्दे सामने नहीं आ रहे, लेकिन इस बात में कुछ तो सच्चाई है कि वहां घुसपैठ हुई है।

### क्यों हो रहा है विरोध

झामुमो के भीतर इतने बड़े पैमाने पर हो रहा विरोध कहीं न कहीं पार्टी की मौजूदा रणनीतियों को लेकर है। पार्टी के सबसे सम्मानित नेता शिबू सोरेन अस्वस्थता की वजह से सक्रिय नहीं हैं। उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी हेमंत सोरेन पार्टी पर अपनी मजबूत पकड़ तो बनाये हुए हैं, लेकिन सरकार में जिम्मेदारी संभालने के कारण और झारखंड की शासन व्यवस्था के बोझ के कारण कभी-कभी वह शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रामक तेवर नहीं अपना पाते, जिसकी उम्मीद जनता करती है। गायबथान की घटना के बाद पाकुड़े के के-केएम कॉलेज के हॉस्टल में पुलिस ने जिस तरह से छात्रों की पिटाई की, उससे निश्चित रूप से झामुमो की छवि पर असर पड़ा है। अगर छात्रावास के छात्र भाजपा के समर्थक होते, तो उसका उतना असर नहीं होता, जितना उस घटना के बाद आदिवासी छात्रों में हुआ। चूंकि शासन चलाने के लिए पुलिस-प्रशासन का सहयोग जरूरी होता है, शायद इसी कारण पाकुड़ की पुलिस पर कड़ा एक्शन नहीं हो पाया। उस मामले में झामुमो रक्षात्मक रहा। जाहिर है, जब तक हेमंत सोरेन 2019 वाले तेवर में नहीं आयेंगे, झामुमो की छवि पर असर पड़ेगा, क्योंकि झामुमो के समर्थक आंदोलनकारी हैं। उनको इस बात से ज्यादा लेना देना नहीं कि शासन चलाते वक्त कुछ नरम रुख भी अख्तियार करना पड़ता है। वे तो हर हर हक और अधिकार लड़ कर लेना चाहते हैं। पुलिस के गलत कामों के खिलाफ आंदोलन करना झामुमो कार्यकर्ताओं के रग-रग में समाया रहा है। सच भी यही है कि शासन-प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करके ही झामुमो झारखंड में शीर्ष पर पहुंचा है।

### बेहद रोमांचक है झामुमो का इतिहास

बहुत कम लोगों को यह पता होगा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का नाम 1971 में बांग्लादेश की आजादी के लिए लड़नेवाली मुक्ति वाहिनी की तर्ज पर रखा गया था। वह दौर संथाल परगना में सूदखोरों और महाजनों के खिलाफ चल रहे जनांदोलन का था। इसके नायक शिबू सोरेन थे। तब अलग झारखंड राज्य की मांग झारखंड पार्टी कर रही थी। शिबू सोरेन ने 1967 में बिहार प्रोग्रेसिव हूल झारखंड पार्टी बनायी, लेकिन अलग झारखंड राज्य के लिए उनका संघर्ष 2 फरवरी, 1972 को उस समय शुरू हुआ, जब विनोद बिहारी महतो और एके राय के साथ मिल कर उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की नींव रखी। साथ में थे निर्मल महतो और टेकलाल महतो।

झामुमो का घोषित लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ झारखंड और यहां के आदिवासियों की मुक्ति है। झामुमो जब अस्तित्व में आया, तब इसे संथालों की पार्टी कहा जाता था, लेकिन समय के साथ इसने खुद को सभी आदिवासी जनजातियों का प्रतिनिधि बना लिया। झामुमो और खास कर शिबू सोरेन हमेशा झारखंड के निर्विवाद नेता रहे। इसलिए वह राष्ट्रीय पार्टियों की आंख की किरकिरी बने रहे। कांग्रेस और भाजपा ने हमेशा झामुमो को अपने हितों को साधने के लिए इस्तेमाल किया। सहयोगियों का अलगाव, बढ़ती उम्र और बड़े बेटे दुर्गा सोरेन के असामयिक निधन ने गुरुजी को भीतर से कमजोर कर दिया, लेकिन वह परिस्थितियों से जूझते रहे। अंततः उन्होंने अपने दूसरे पुत्र हेमंत सोरेन को अपना उत्तराधिकारी बनाया, जिन्होंने झामुमो को नयी ऊंचाइयां दीं। पार्टी झारखंड में लगातार मजबूत होती गयी और हेमंत के नेतृत्व में पहली बार इसने कांग्रेस और राजद के साथ मिल कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। कई बार परिस्थितियां विपरीत हुईं, लेकिन इससे झामुमो का तेवर नरम नहीं पड़ा।

झामुमो की गतिविधियों पर नजर रखनेवालों का कहना है कि दरअसल हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने के बाद पार्टी की आक्रामकता कम हो गयी है। पहले शिबू सोरेन और बाद में हेमंत सोरेन ने पार्टी को एक परिवार के सदस्य के रूप में चलाया। झामुमो के किसी नेता या कार्यकर्ता को गुरुजी या हेमंत से मिलने के लिए समय लेने की जरूरत नहीं पड़ती थी। लेकिन अब परिस्थितियां बदल गयी हैं। नेताओं का यह कनेक्ट किन्हीं कारणों से कम हो गया है। इसका कारण यह भी हो सकता है कि हेमंत सोरेन अब झारखंड के मुख्यमंत्री हैं। लेकिन यह भी सच है कि चुनौतियां ही व्यक्ति को निखरने का मौका देती हैं और असली परीक्षा उसी समय होती है। जेएमएम को भरोसा है, पार्टी इससे भी उबर जायेगी।

# क्या स्टीफन को बोल्ड करने के लिए भाजपा नवनीत हेंब्रम पर दांव लगायेगी!

## ■ हिमंता बिस्वा सरमा के साथ नवनीत की तस्वीर ने राजनीतिक तपिश बढ़ायी

## ■ सवाल: क्या स्टीफन मरांडी इस बार महेशपुर से खुद चुनाव लड़ेंगे या उनकी बेटी

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** कहते हैं तस्वीर झूठ नहीं बोलती। जी हां, हम बात कर रहे हैं पाकुड़ में तैनात रहे बतौर एसडीपीओ के पद पर तेज तर्रार पुलिस अधिकारी नवनीत हेंब्रम की। झारखंड लोक सेवा आयोग के तीसरे बैच के पुलिस अधिकारी नवनीत हेंब्रम की एक तस्वीर शुक्रवार को भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा के साथ सोशल मीडिया में दिखी। अब ऐसा माना जा रहा है कि नवनीत भाजपा से महेशपुर विधानसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी बनाये जा सकते हैं। लेकिन यह बात कहां तक सही और सार्थक होगी, यह तो आनेवाला समय ही बतायेगा।



लेकिन इतना तो तय है कि नवनीत भाजपा से महेशपुर विधानसभा सीट से टिकट की जुगत लगा रहे हैं। हालांकि इस संबंध में महेशपुर के वर्तमान विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी से पूछे जाने पर उन्होंने नवनीत के चुनाव और वह भी भाजपा से लड़ने की बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है। लेकिन अब इतना तो तय माना जा रहा है कि नवनीत हेंब्रम इस बार के विधानसभा चुनाव मैदान में महेशपुर विधानसभा की सीट से चुनाव लड़ेंगे।

### मिस्त्री सोरेन, सुफल मरांडी और दुर्गा मरांडी क्या करेंगे!

लेकिन महेशपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी की दौड़ में शामिल मिस्त्री सोरेन, सुफल मरांडी, दुर्गा मरांडी क्या नवनीत हेंब्रम को पार्टी प्रत्याशी बनाये जाने पर उन्हें कितना सपोर्ट करते हैं, यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा। नवनीत बतौर भाजपा कैंडिडेट महेशपुर विधानसभा के वोटरों को कैसे अपने पक्ष में कर पायेंगे, यह इस पर निर्भर करेगा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने इलाके के लोगों के साथ किस तरह का व्यवहार रखा है। उनके कामों को वहां के लोगों ने किस रूप में देखा है। अभी तो उनके पास सेवाकाल के दौरान उनके द्वारा किये गये कामों की ही पूंजी है। हालांकि महेशपुर में अपने पदस्थापन काल में उन्होंने पुलिस और पब्लिक के बीच एक बेहतर और मधुर संबंध स्थापित करने का काम किया है। साथ ही खासकर महेशपुर में जमीनी विवाद का मामला बहुत ज्यादा होता रहा है। इन मामलों में उनकी ओर से एक सार्थक पहल देखी गयी कि अधिकांश जमीनी मामले में उन्होंने दोनों पक्षों को बिठा कर सुलझाने और दोनों को मिलाने का काम किया। पुलिस और पब्लिक के बीच जो दूरी होती है, उसे उन्होंने पाटने का प्रयास किया, जिससे उन्हें लोकप्रियता भी हासिल हुई। सवाल है कि महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी, मुस्लिम, क्रिश्चियन और हिंदू वोटरों को अपने पक्ष में करने की कला और खासियत की बदौलत उन्हें यह जीत का सेहरा पहनने का अवसर मिल पायेगा।

### स्टीफन की बेटी के चुनाव लड़ने की चर्चा

महेशपुर विधानसभा में वर्तमान समय में कुल वोटरों की संख्या 249937 है, जिसमें पुरुष वोटर 118496 और महिला वोटर एक लाख 21441 हैं। स्टीफन मरांडी 2014 में पहली बार महेशपुर विधानसभा से 51866 वोट लाकर विधायक बने, पुनः दूसरी बार 2019 में 89197 वोट लाकर विधायक बने और अब 2024 की तीसरी पारी में अपनी शारीरिक अस्वस्था के कारण स्वयं चुनाव ना लड़ कर संभवतः अपनी बेटी को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी में हैं। अब देखना है कि क्या नवनीत हेंब्रम विधानसभा के चुनाव मैदान में स्टीफन को बोल्ड करने में कामयाब होते हैं या फिर आउट ।

### इस्तीफा सौंपने के बाद दावेदारी मजबूत

यों तो महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी नवनीत लंबे दिनों से करते रहे हैं। अपने महेशपुर पदस्थापन के दौरान बैक फुट में रह कर भाजपा के कार्यक्रमों को सपोर्ट करते रहे। अब आने वाले चुनाव में देखना है कि क्या भाजपा उन्हें महेशपुर सीट से अपना प्रत्याशी बनाती है या फिर? हालांकि उन्होंने अपने पद और सेवा से दो माह पहले ही गृह विभाग को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। लेकिन अब तक उनके इस्तीफा को अंतिम स्वीकृति मिलने की खबर की पुष्टि नहीं हो पायी है। लेकिन अब इतना तो तय माना जा रहा है कि नवनीत इस बार विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में जरूर दिखेंगे।

### दो टर्म नवनीत हेंब्रम की पाकुड़ में रही है पोस्टिंग

नवनीत हेंब्रम की पोस्टिंग पाकुड़ में दो टर्म रही है। पहली बार पोस्टिंग मुख्यालय डीएसपी के पद पर पाकुड़ में रही और फिर यहां से उनका स्थानांतरण जैप में हो गया। पुनः दूसरी पोस्टिंग उनकी महेशपुर एसडीपीओ के पद पर हुई और करीब तीन साल तक उन्होंने महेशपुर में एसडीपीओ के पद पर काम किया। अपने इस कार्यकाल के दौरान इनमें विधानसभा चुनाव लड़ने की जिज्ञासा जगी और उसके बाद से वे महेशपुर से चुनाव लड़ने की अंदर ही अंदर तैयारी में लगे रहे और अब तो खुल कर राजनीतिक दल के सामने दिखने भी लगे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
194000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.7 °c | 23.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.07 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.30 बजे | |



# रांची में दिशा की बैठक : रक्षा राज्यमंत्री ने दिया निर्देश, समय के पाबंद बनें अधिकारी

## बैठक में छाया रहा बालू की अनुपलब्धता से विकास कार्यों के प्रभावित होने का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार शनिवार को रांची जिला दिशा समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को समय के पाबंद होने की बात कही और हर 3 महीने में दिशा की बैठक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अलग-अलग मुद्दे उठाये, जिनमें अबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की स्थिति, रांची शहर में जुडको और नगर निगम के द्वारा सड़कों पर गड्ढे खोदे जाने, बालू की



अनुपलब्धता, जीवित व्यक्तियों को मृत बताकर उनकी वृद्धा पेंशन रोकने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई और जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी शामिल हैं। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में रक्षा राज्य मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि 11:00 के बाद किसी भी कीमत पर कोई अधिकारी इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने अधिकारियों को समय का पाबंद होने और बैठक के साथ ही विषयों की गंभीरता को समझने की बात कही। इस बैठक में प्रमुख रूप से राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, महुआ माजी और आदित्य साहू, लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत और कालीचरण मुंडा, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल और समरी लाल, डीसी राहुल सिन्हा, उप विकास आयुक्त दिनेश यादव, रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होते ही भाजपा का अंतर्कलह दिखने लगा : झामुमो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होते ही पार्टी का अंतर्कलह दिखने लगा है। भाजपा में जाते ही उनके अपमान की शुरूआत हो चुकी है। 30 अगस्त को मिलन समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने भाषण में एक बार भी चंपाई दा का नाम नहीं लिया। यह उनका अपमान नहीं है तो क्या है। उन्होंने कहा कि पूरा कार्यक्रम चंपाई दा के लिए था। भाजपा के कई बड़े नेता आये थे, लेकिन बाबूलाल मरांडी ने अपने भाषण के दौरान एक बार भी उनका नाम नहीं लिया। इसके अलावा अर्जुन मुंडा जैसे वरिष्ठ नेता को बोलने तक नहीं दिया गया। झामुमो प्रवक्ता ने चुटकी लेते हुए कहा है कि पांच पूर्व मुख्यमंत्रियों वाली इस पार्टी में इगो क्लैश होना तय है। सबका अपना एजेंडा और स्वार्थ है। इस प्रकरण से बाबूलाल मरांडी की पीड़ा को समझा जा सकता है। लगता है कि अब भाजपा में रिप्लेसमेंट की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह आभास बाबूलाल मरांडी को भी होगा। आश्चर्य नहीं होगा जब यह सुनने को मिले कि बाबूलाल मरांडी किसी राज्य के राज्यपाल बना दिये गये।

### झामुमो का मानसिक दिवालियापन दिखता है: भाजपा



झामुमो के इन आरोपों पर भाजपा ने तल्ख प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि ये बातें झामुमो की मानसिक दिवालियापन को दर्शाती हैं। चंपाई सोरेन को मंच पर बाबूलाल मरांडी ने खुले हृदय से गले लगाया था। यह राम और भरत मिलाप जैसा नजारा था। दोनों एक ही समाज से आते हैं। दोनों की पीड़ा एक है। संथाली समाज के साथ जो हो रहा है, वह किसी से छुपा नहीं है। झामुमो की जमीन खिसक गयी है। चंपाई सोरेन के बाद लोबिन हेंब्रम ने पार्टी को टाटा बाय-बाय कर दिया है और कई नेता जल्द ही झामुमो छोड़ने वाले हैं। इसलिये झामुमो के लोग अनर्गल अलाप कर रहे हैं।

# चंपाई सोरेन से मिले हिमंता बिस्वा सरमा, मां कामाख्या का दर्शन करने का दिया निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार को चंपाई सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को असम में मां कामाख्या देवी मंदिर का दर्शन करने के लिए निमंत्रण दिया। चंपाई सोरेन ने एक्स पर यह जानकारी दी।

चंपाई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर बताया कि शनिवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा एवं झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी मिलने आये। उन्होंने मुझे गुवाहाटी (असम) स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन करने हेतु



आमंत्रण दिया। उल्लेखनीय है कि चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को झामुमो पर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए भाजपा का दामन थाम लिया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिसे मैंने खून पसीने से सींचा, वहां मुझे अपमानित किया गया।

# गांजा की खरीद-बिक्री कर रहे तीन गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। चुटिया इलाके से गांजा की खरीद-बिक्री कर रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के नाम राज सिंह, मुन्ना भोक्ता और सोनू लोहरा है। रांची पुलिस को जानकारी मिली थी कि चुटिया इलाके में गांजा की प्रतिदिन खरीद-बिक्री होती है, जिसके बाद छापेमारी के लिए एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने चुटिया इलाके से गांजा की खरीद-बिक्री कर रहे तीनों लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से कुल 550 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

# जेबीवीएनएल ने उपभोक्ताओं को दिया समय अक्टूबर तक करें बकाया बिजली बिल जमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिजली की नयी व्यवस्था राज्य में 1 सितंबर से लागू हो जायेगी। इसके तहत 1 सितबंर से राजधानी में लगे स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड पर काम करना शुरू कर देंगे। 1 सितंबर से उन उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड पर काम करेंगे, जिनका पूर्व से कोई बकाया नहीं है। यानी ये उपभोक्ता मीटर रीचार्ज कर बिजली बिल जलाने का लाभ लेंगे। वहीं, झारखंड बिजली वितरण निगम के जीएम आइटी सह जीएम कॉमर्शियल संजय सिंह ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का बकाया शेष है, ऐसे उपभोक्ताओं को एक महीने



का अतिरिक्त समय दिया गया है। ये उपभोक्ता अक्टूबर के पहले तक बकाया बिजली बिल भुगतान कर दें, जिससे प्रीपेड स्मार्ट मीटर का लाभ ले सकेंगे।

जेबीवीएनएल के अनुसार 2 और 3 सितंबर को राज्य भर में कैंप लगाया जायेगा। वहां उपभोक्ताओं का व्हाट्सएप नंबर रजिस्टर्ड किया जायेगा। निगम की मानें तो उपभोक्ता बिजली बिल समेत बिजली संबंधी अन्य जानकारी व्हाट्सएप पर ले सकते हैं। वहीं, जेबीवीएनएल के पास जिन उपभोक्ताओं का रजिस्टर्ड व्हाट्सएप नंबर है, उन्हें व्हाट्सएप मैसेज के जरिये जानकारी दी गयी है। उपभोक्ता जेबीवीएनएल के मोबाइल नंबर 9431135503 पर व्हाट्सएप से जुड़ सकते हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर टॉल फ्री नंबर 1912 या 1800-345-6570 या 0651-2710002 पर संपर्क करें।

जेबीवीएनएल की ओर से रांची और धनबाद में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। रांची में अब तक लगभग 2.61 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित किया जा चुका है। जो अब नयी बिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रीपेड मोड में काम करेगा। यानी राशि उपलब्ध रहने तक विद्युत रहेगी।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सातवें राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का शुभारंभ किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर से शनिवार को सातवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया। देश भर में पोषण संबंधी जागरूकता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर केंद्रित इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल, गुजरात सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री भानुबेन बाबरिया, भारत सरकार और गुजरात सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। दिन की शुरुआत सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान से हुई। केंद्रीय मंत्री ने गुजरात की महिला एवं बाल

### गुजरात के गांधीनगर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

विकास मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस अभियान का नेतृत्व किया और गांधीनगर के एक आंगनवाड़ी केंद्र में फलदार पौधे लगाये, जो पोषण और पर्यावरणीय स्थिरता के महत्व का प्रतीक हैं। मुख्य कार्यक्रम महात्मा मंदिर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने प्रमुख भाषण दिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने देश के विकास की संवृद्धि हेतु मजबूत और स्वस्थ मानव संसाधन के निर्माण में पोषण के महत्व पर जोर दिया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने संबोधन में



बच्चों और किशोरों का बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने और जीवन चक्र दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित कर-के कुपोषण की समस्या से निपटने पर जोर दिया। उन्होंने चार स्तंभों - सुशासन, अभिसरण, क्षमता निर्माण, सामुदायिक भागीदारी और स्वामित्व पर जोर दिया, जिन पर पोषण 2.0 की सफलता निर्भर है। अनिल मलिक, सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया तथा आहार में विविधता को बढ़ावा देने और दैनिक आहार में स्थानीय रूप से उगाये जाने वाले पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करने के महत्व के बारे में चर्चा की। गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को 'न्यूट्री बास्केट' प्रदान की गयी तथा शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार किया गया। गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वहली डिक्री योजना, विधवा पेंशन योजना, विधवा पुनर्विवाह सहायता योजना और महिला स्वालंबन योजना आदि सहित विभिन्न योजनाओं की लाभार्थियों को उनकी संबंधित योजना के तहत विशेष लाभ प्रदान किये गये। आयोजन स्थल पर एक प्रदर्शनी भी लगायी गयी, जिसमें पोषण ट्रैकर, पोषण भी पढ़ाई भी और राज्य की ओर से शुरू की गयी पोषण और महिला सुरक्षा से संबंधित अन्य पहलों जैसे 'वांगी प्रदर्शन', 181 हेल्पलाइन आदि को प्रदर्शित किया गया। स्तनपान और पूरक आहार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजित विविध क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नाटकों ने पोषण के महत्व को और अधिक रेखांकित किया। सातवां राष्ट्रीय पोषण माह 2024 - एनीमिया, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर शासन के लिए प्रौद्योगिकी और एक पेड़ मां के नाम विषयों पर केंद्रित होगा। प्रधानमंत्री के 'सुपोषित भारत' के विजन को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, पोषण माह एक राष्ट्रव्यापी उत्सव बन रहा है और जन आंदोलन का रूप ले रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अपने मिशन पोषण 2.0 के माध्यम से देश भर में बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। महीने भर चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य कुपोषण से निपटने के प्रयासों में और तेजी लाना तथा देश भर में समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है।

# झारखंड चेंबर का चुनाव 22 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड चेंबर (सत्र 2024-25) का चुनाव 22 सितंबर को गुरुनानक स्कूल सभागार में होगा। मतदान सुबह नौ से शाम पांच बजे तक चलेगा। उम्मीदवार 9 और 10 सितंबर को शाम चार बजे तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन वापसी की तिथि 12 सितंबर की शाम चार बजे तक है। इसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा। चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया ने कहा कि कंपनी लॉ के अनुसार, उम्मीदवारों को नामांकन प्रपत्र के साथ डीन नंबर देना अनिवार्य है। डीन नंबर नहीं होने की स्थिति में आवेदन रद्द कर दिया जायेगा। डीन जमा करने के लिए उम्मीदवारों को कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा। 20 सितंबर तक उम्मीदवार चुनावी प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। 20 सितंबर की रात 10 बजे के बाद प्रचार-प्रसार पूरी तरह वर्जित रहेगा। चुनाव के को-चेयरमैन अंचल किंगर ने कहा कि चुनाव में कुल 3909 मतदाता शामिल होंगे। चेंबर की सदस्यता सूची के अनुसार, 3656 लाइफ मेंबर, 156 जनरल मेंबर, 83 संबद्ध संस्थाएं, 11 कॉरपोरेट मेंबर और तीन पैट्रोन सदस्य हैं। उन्होंने जनरल, कॉरपोरेट और संबद्ध संस्थाओं से अपील की है कि सदस्यता शुल्क का ड्यूज यदि बकाया है, तो चुनाव से पूर्व उसका भुगतान कर दें। बकाया होने की स्थिति में मतदान से वंचित किया जा सकता है।

## केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन को पत्र

# शिक्षा के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मांगा समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को पत्र लिखकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि देश के प्रत्येक बच्चे की राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के परिवर्तनकारी लाभों तक पहुंच हो। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में इस बात पर प्रकाश डाला कि तमिलनाडु राज्य के लाखों विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा योजना से लाभ हुआ है। शिक्षा मंत्री ने इस बात पर बल दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तमिलनाडु के स्कूलों में तमिल पढ़ाने का पूरी तरह से समर्थन करती है। श्री प्रधान ने कहा कि तमिल दुनिया की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि तमिल भाषा राष्ट्रीय गौरव का विषय है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बार-बार अनुरोध के बावजूद तमिलनाडु ने पीएम श्री योजना से संबंधित समझौता ज्ञापन पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किये हैं। शिक्षा मंत्री ने श्री स्टालिन से पीएम श्री योजना के लिए केंद्र के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में समग्र शिक्षा योजना का कार्यान्वयन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप है। श्री प्रधान ने कहा कि तमिलनाडु को शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और क्षेत्र में सरकारी स्कूलों के लिए मानक स्थापित करने के लिए पीएम श्री योजना को अपनाना चाहिए।

# 25वीं राज्य-स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ

## हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार को 25वां इस्मा दो दिवसीय राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय हरिवंश टाना भगत स्टेडियम खेलगांव रांची में मुख्य अतिथि विनय सिन्हा दीपू अध्यक्ष रांची जिला बॉक्सिंग एवं किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के द्वारा किया गया। जिसमें झारखंड के 8 जिलों के कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने अपने अपने स्पर्धा में अच्छा खेल का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनय सिन्हा दीपू ने कहा कि मार्शल आर्ट्स एक ऐसी कला है जिसमें व्यक्ति के शरीर और मानसिकता को नियंत्रित किया जा सकता है। सबसे ज्यादा पदक हासिल कर रांची प्रथम हजारीबाग दूसरा और बोकारो तीसरे स्थान पर रहा।

# मोहम्मद इरशाद की जमानत याचिका पर हाइकोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी मोहम्मद इरशाद की जमानत अर्जी पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने मामले में चार सप्ताह में इडी से जवाब मांगा है। दरअसल, पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने मोहम्मद इरशाद की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गयी थी।

बता दें कि 16 अप्रैल को जमीन कारोबारी मोहम्मद इरशाद, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और जेएमएम नेता अंतू तिर्की को इडी ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले 15 अप्रैल को इडी ने जेएमएम नेता अंतू तिर्की समेत कई जमीन कारोबारियों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। गिरफ्तारी के बाद से ये सभी जेल में बंद हैं। इनके खिलाफ इडी की ओर से चार्जशीट भी दाखिल कर दी गयी है।

### भरत प्रसाद की जमानत याचिका हाइकोर्ट ने की खारिज

रांची (आजाद सिपाही)। चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़े मामले में चार्जशीटेड आरोपी भरत प्रसाद की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने भरत प्रसाद की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी, जिसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में जमानत के लिए आग्रह किया गया था। इडी ने फर्जी जमीन मालिक गंगाधर राय के पोते राजेश राय के साथ भरत प्रसाद को 3 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था, तब से भारत प्रसाद जेल में है। बता दें कि बरियातू रोड स्थित




चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में पीएमएलए कोर्ट में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, राजेश राय एवं भारत प्रसाद, इम्तियाज अहमद, अफसर अली सहित 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। इडी की जांच में पता चला था कि राजेश राय एवं भारत प्रसाद ने गलत तरीके से चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन पर कब्जा किया था।






# पुरी के तर्ज पर रांची में करें जगन्नाथ कॉरिडोर का निर्माण : संजय सेठ

**केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सीसीएल के सीएमडी को लिखा पत्र**

**योग केंद्र के साथ पार्क निर्माण हो, आध्यात्मिकता का केंद्र बने**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची में स्थित जगन्नाथ मंदिर को जगन्नाथ कॉरिडोर के रूप में विकसित करने, वहां योग केंद्र और पार्क बनाने को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने पहल की है। इस मामले को लेकर उन्होंने सीसीएल को पत्र लिखकर यह कार्य करने को कहा है।

अपने पत्र में केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि रांची के धुर्वा में स्थित भगवान प्रभु जगन्नाथ का मंदिर झारखंड के प्राचीन और ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। इस मंदिर की स्थापना को लगभग 450 वर्ष होने वाले हैं। यह मंदिर जितनी आध्यात्मिकता का केंद्र है, उतने ही ऐतिहासिक तथ्य यहां से जुड़े हुए हैं। नागवंशी राजाओं के द्वारा स्थापित यह मंदिर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नायकों के भी प्रमुख गतिविधियों का केंद्र रहा है। श्री सेठ ने कहा कि वर्तमान समय में इस मंदिर के समग्र विकास की आवश्यकता है ताकि राष्ट्रीय पटल पर इस परिसर को एक नयी पहचान मिल सके। मंदिर परिसर के पास अपनी पर्याप्त जमीन भी है। इसलिए यहां पुरी के तर्ज पर भगवान जगन्नाथ कॉरिडोर के साथ भव्य पार्क और योग केंद्र की स्थापना की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से मंदिर परिसर में आध्यात्मिकता का भी विकास होगा और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिल सकेगी। विकास के क्रम में हम यह भी ध्यान रखें कि यहां पर होने वाली विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर आधारित हो।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पुरी के तर्ज पर भगवान जगन्नाथ का कॉरिडोर व इस मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु सीसीएल के सीएसआर मद से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज को मिली एसएसआर की स्वीकृति




रांची (आजाद सिपाही)। आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कुदलुम, रांची को नैक ग्रेडिंग के लिए सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (एसएसआर) की स्वीकृति राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से प्राप्त हो गयी है। अब नैक टीम महाविद्यालय में विजिट करेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय ने महाविद्यालय की तैयारी के लिए बैठक कर सभी जरूरी आवश्यक निर्देश दिये। इस पूरी प्रक्रिया में महाविद्यालय की प्रबंधन समिति की ओर से प्रो अशोक कुमार चौधरी, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ रामकिशोर सिंह, भानु प्रकाश जालान, राम अवतार नारसरिया की सहरानीय भूमिका रही।

## महत्वपूर्ण खबरें

### चैती दुर्गा मंदिर में भक्तों ने खिचड़ी भोग का प्रसाद लिया




रांची (आजाद सिपाही)। भुतहा तालाब के श्री चैती दुर्गा मंदिर में पिछले 5 वर्षों से कोरोना काल से और प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुतहा तालाब में प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी भोग वितरण किया गया। 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकर दुबे, किशोर साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह (लल्लू सिंह), राहुल सिंह, विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा, जय कांत चौधरी, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन),आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, अभिषेक रजक(बाबू), प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा आदि एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई

रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल से मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत श्यामल घोष, महाप्रबंधक (सीपी), वासरी कस्ट्रकशन विभाग, डॉ. सुशील कुमार, सीएमएस, गांधीनगर अस्पताल, संजय कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), योजना एवं परियोजना विभाग, स्वीटी भेंगरा, कार्यालय अधीक्षक ए, एनइइए/सीएस विभाग, राजेश कुमार सिंह, अकांउटेंट-ए, वित्त (मुख्यालय) विभाग को शनिवार को सीसीएल की ओर से मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गयी। निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित सेवानिवृत्त कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक (कल्याण) केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों एवं अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

### समाधान नहीं निकला तो विद्युत विभाग में होगी हड़ताल: अजय राय



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव से मिला। अजय राय ने बताया कि रांची एवं गुमला सर्किल के कई डिविजनों से लगातार शिकायत मिल रही है कि वहां कार्यरत एजेंसी के कर्मचारी सिर्फ नाम के हैं। वो अधिकारियों के ड्राइवर बनकर विभाग में चल रहे वाहन भाड़ा में देकर स्वयं ही चलाते हैं, एवं मानव दिवस के नाम पर एजेंसी से भी भुगतान लेते हैं। ये यह पूरा गोरखधंधा वरीय प्रबंधक से लेकर कनीय प्रबंधक की मेहरबानी से चल रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे में संघ किसी भी कीमत पर इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। संघ ने महाप्रबंधक को अल्टीमेटम देते हुए कहा है किअगर दो दिनों के अंदर चिह्नित दलालों को नहीं हटाया गया और पुराने लोगों को रखा नहीं जाता है तो हड़ताल होनी निश्चित है।इसी क्रम में रांची संचरण के महाप्रबंधक अनिल कुमार भारतीयम को भी संघ ने शिकायत की है कि श्रमिक संघ के हस्तक्षेप के बाद जहां जमशेदपुर में एरियर का संपूर्ण भुगतान हो गया वहीं अभी तक रांची में क्यों नहीं हो पाया है? महाप्रबंधक अनिल कुमार भारतियम ने आश्वासन दिया की एक हफ्ते के अंदर यहां भी वर्ष 2017 से लेकर अभी तक का एरियर का भुगतान कर दिया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में अजय राय के साथ मुख्य रूप से विजय सिंह, रजनीकांत मेहता, राजकुमार प्रमाणिक, गोविंद मुंडा, शिवचरण महतो, आशीष तिग्गा, राजकुमार राज, अनिल तिग्गा, प्रकाश नायक, संजीत महतो, रविंद्र झा, अजय चौधरी, लक्ष्मण टोप्पो समेत कई लोग मौजूद रहे।

### 94 यूनिट रक्तदान किया गया




रांची (आजाद सिपाही)। जेसीआइ रांची ने एक्सआइएसएस, आक्सिस एवं रोटरैक्ट क्लब ऑफ सोशल रिवॉलयूटियन के साथ मिलकर 31 अगस्त 2024 शनिवार को एक्सआइएसएस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अभियान में 94 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर के मुख्य अथिति झारखंड सरकार के समाज कल्याण विभाग निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि हमारा जीवन हमारे रगों में दौड़ रहा है और रक्तदान कर हम दूसरों का जीवन भी बचा सकते हैं। जेसीआई रांची के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा रक्तदान हमारे समाज सेवा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस शिविर में मयंक अग्रवाल, अंकित मोदी, रोहित दयानी, सृजन हेतमसरिया एवं अग्निश मित्रा उपस्थित थे। साथ ही एक्सआइएसएस, आक्सिस और आरसीएसआर के जनप्रतिनिधि ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया। यह जानकारी जेसीआइ रांची के प्रवक्ता अमन पोद्दार ने दी।

## भाजपा किसान मोर्चा की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रांची महानगर की बैठक गोंदा मंडल, बरियातु मंडल और कोकर मंडल के कार्यकर्ताओं के बीच जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यों को जनता के बीच घर घर जाकर मजबूती से रखने का मंत्र दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी संकेत तिवारी, गोंदा मंडल अध्यक्ष राम लगन राम, भाजपा नेता विनय राज, मंडल महामंत्री कुंदन सिंह, सतेंद्र सिंह बबलू, राजेश कुमार बब्बन, पुनीत कुमार गुड्डू, राजू रजक, राजा भट्टाचार्य, नागेंद्र पांडेय, सूरज वर्मा, अभिषेक सिंह, नारायण नायक, बरियातू मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह, कोकर मंडल अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, जिला मंत्री बलसाय महतो, मंडल उपाध्यक्ष सत्यम सत्यदर्शी, प्रदेश मंत्री विनोद सिंह, इत्यादि शामिल थे।

## जेबीकेएसएस की झारखंड नवनिर्माण यात्रा आज




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा रविवार को विशाल न्याय यात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो की उपस्थिति में वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो के द्वारा की जायेगी। यात्रा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातू खूंटी से प्रारंभ होकर झारखंड के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो के शहीद स्थल लोटा सिल्ली तक तय होगी। यात्रा उलिहातू, अड़की, तमाड़, बुंडू और राहे होते हुए सिल्ली प्रवेश करेगी। बिरसा मुंडा के वंशज को आदर पूर्वक सम्मानित करने के बाद ही यात्रा को आरंभ किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजक मंडली में महिला अध्यक्ष दमयंती मुंडा, जिला अध्यक्ष आलोक उरांव, नवीन मुंशी, खुदिराम, नकुल मुकेश, अजय, रोमा निगम, संजीव, फलिंद्र करमाली, विमल सर, सुमित खतियानी, लकी रामू, प्रकाश, अजीत, खगेंद्र, नरेश, सुभाष आदि सक्रिय हैं।

## मिराई फर्टिलिटी एवं आइवीएफ सेंटर ने मनायी पहली वर्षगांठ



रांची (आजाद सिपाही)। मिराई फर्टिलिटी एवं आइवीएफ सेंटर गर्भावस्था संबंधित सेवाओं में अपनी श्रेष्ठता के लिए जाना जाता है। हमें गर्भावस्था और परिवार की स्थायिता में विशेषता दर्जनों संयुक्ताग्रही परियोजनाएं हैं। संतुलनित आहार, व्यायाम और अच्छे मानसिक स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण अवधारणाओं को ध्यान में रखते हुए, हम परिवार वृद्धि प्रक्रिया को सहानुभूति और समर्थन में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मिराई फर्टिलिटी एवं आइवीएफ सेंटर ने अनेक जोड़ों को उत्तम प्रजनन सेवाएं प्रदान की हैं और उन्हें उनकी परिवार निर्मिति की यात्रा में सफलता प्राप्त करने में मदद की है। बेबी शावर शो हमारे बालिकाओं के टूटे हुए सपनों को पुनः संजीवन देने के संकल्प को उजागर करने का एक मनोरंजनात्मक और अध्ययन उत्सव है। इस कार्यक्रम में हमें आपका साथ देने पर गर्व है। मिराई फर्टिलिटी एवं आईवीएफ सेंटर की डायरेक्टर डॉ सरबजया ने बताया कि हमारे लिए महत्वपूर्ण हमारे पेशेंट हैं। उन्होंने बताया और वो पेशंट भी हमारे साथ सामिल हुए जिनके बेबी हो चुके हैं। उन्होंने भी अपना अनुभव सारे लोगों के साथ साझा किया। 1 साल में मीराई ने बहुत सारे लोगों को माता-पिता बनने का सुख प्रदान किया है।

## डीएसपीएमयू में एक दिवसीय कार्यशाला




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में बिजली और गर्जन के प्रति संवेदनशीलता, जोखिम न्यूनीकरण, और सुरक्षा उपायों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची के रिमोट सेंसिंग एवं जीआइएस विभाग तथा प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य झारखंड में बिजली से जुड़ी घटनाओं के बढ़ते संकट पर ध्यान केंद्रित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अभय कृष्ण सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। कार्यशाला में मुख्य वक्ताओं में फकीर मोहन विश्वविद्यालय, बालासोर, ओडिशा के भूगोल विभाग के डॉ. मनोरंजन मिश्रा; बीआइटी मेसरा के जियोमैटिक्स विभाग की डॉ. मिली, रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के आपदा प्रबंधन विभाग की डॉ. प्रिया नम्रता टोपनो शामिल थे।

## प्रो. नलिनी कांत महतो को विदाई दी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा प्रो. नलिनी कांत महतो की 39 वर्षों की दीर्घकालिक और निष्कलंक सेवा के उपरांत विदाई हेतु कौटिल्य सभागार में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में विभाग के शिक्षकों, छात्रों तथा विशिष्ट अतिथियों ने उपस्थित होकर प्रो. महतो के उत्कृष्ट योगदान और निस्वार्थ सेवा के प्रति अपना आदर व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि प्रो. महतो ने अपने 39 वर्षों की सेवा के दौरान शिक्षा और अनुशासन के उच्चतम मानदंड स्थापित किये हैं। इस मौके पर डॉ. अभय कृष्ण सिंह, डॉ. सजलेंदु घोष, डॉ सर्वोत्तम कुमार, डॉ. गणेश चंद्र बास्के, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. रेखा झा, डॉ. अनिता मेहता, डॉ. पीयूष बाला एवं विभाग के शोध विद्यार्थी उपस्थित थे। रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के शिक्षक भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## संत जेवियर्स कॉलेज रांची में लैंगिक समानता पर व्याख्यान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार को संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के इतिहास विभाग में द जेंडर्ड नेचर ऑफ वायलेंस विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलियन विश्वविद्यालय, कैनबेरा की प्रो. बीना डीकोस्टा ने पूरे विश्व में लैंगिक असमानता पर प्रकाश डालते हुए अपनी प्रस्तुति दी। मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज की प्रो. डॉ. प्रभा रानी ने प्राचीन तमिल संस्कृति का उदाहरण देते हुए व्याख्यान दिया। विषय प्रवेश डॉ. अंजू टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. फादर केनेडी सोरेंग, आइक्यूएसी संयोजक डॉ. शिव कुमार, प्रो. स्नेहा कच्छप, प्रो. नजमी, प्रो. निशा सिंह व अन्य प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सरला बिरला विवि में सेमिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में तकनीकी और उच्चतर शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा और इसमें नैक और एनइपी 2020 से जुड़ाव विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का आयोजन एनआइटी, जमशेदपुर के सहयोग से आइक्यूएसी, एसबीयू द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद आइक्यूएसी के निदेशक सह कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग के डीन डॉ. संदीप कुमार ने सेमिनार के विषयवस्तु पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद ने भारतीय शिक्षण प्रणाली में एनइपी के आने को जरूरी करार दिया। उन्होंने भारतीय भारतीय परंपरा में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को शिक्षा में सम्मिलित करने की बात कही, जिससे इसमें त्याग और तप के अलावा 'जॉय ऑफ गिविंग' की भावना पनप सके। एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने एनइपी को लागू करने पर जोर देते हुए इससे होनेवाले हमारे राष्ट्र की उत्तरोत्तर प्रगति की बात कही। उन्होंने वैल्यू एडेड शिक्षा के लिए संस्कृत भाषा के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर बल दिया। कार्यक्रम में बोलते हुए एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधर ने एनइपी से अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचने की बात कही। उन्होंने इसे सभी विभागों के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक बताया। एसबीयू के कुलपति एसबी डांडीन ने भारत की पुरानी परंपराओं का जिक्र करते हुए उससे मिलनेवाली अच्छी चीजों के आत्मसात करने पर जोर दिया। कार्यक्रम को कुलसचिव प्रो. वीके सिंह ने संबोधित किया। डीन डॉ. नीलिमा पाठक ने विषय प्रवेश करते हुए ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा की चर्चा की।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में डोरंडा कॉलेज के डॉ. राजकुमार शर्मा, रांची विवि की डॉ. स्मृति सिंह, एनआइटी जमशेदपुर के डॉ. मोहम्मद हसन और एसबीयू के डॉ. अभिषेक चौहान ने भी भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित अपने विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. अशोक अस्थाना, डॉ. गौतम तांती, डॉ. नित्या गर्ग, डॉ. आरोही आनंद समेत विश्वविद्यालय के अन्यान्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## कुड़मी समाज की चेतावनी, एसटी का दर्जा नहीं मिला तो और तेज होगा आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टोटेमिक कुड़मी/कुरमी विकास मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उनकी मांगें नहीं मानी गयीं, तो कुड़मी एसटी आंदोलन को और तेज किया जायेगा। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि उनकी अनदेखी बीजेपी को विधानसभा चुनाव में भारी पड़ेगी। कुड़मी एसटी आंदोलन के तहत झारखंड के 11 स्थानों पर जिला स्तरीय कुड़मी/कुरमी सम्मेलन किया जायेगा। रांची, मनोहरपुर, घाटशिला (धालभूमगढ़), रामगढ़, गिरिडीह बोकारो, धनबाद, चतरा, जामताड़ा, साहिबगंज और हजारीबाग में सम्मेलन होगा। इसके लिए प्रभारी भी नियुक्त किये गये हैं।




**कुड़मी समाज की केंद्र सरकार से क्या है मांग? :** कोर कमेटी द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार से कुड़मी एसटी मामले को संज्ञान में लेकर अविलंब पहल करने की मांग की गयी। कोर कमेटी को संबोधित करते हुए समाज के अगुवा सह मोर्चा के अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि झारखंड की कुड़मी जनजाति अपनी मांगों को लेकर एकजुट है। केंद्र सरकार यदि चाहती है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बने तो कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में सूचीबद्ध करना होगा। ऐसा नहीं होने पर किसी कीमत में कुड़मी/कुरमी समाज झारखंड में भाजपा को स्वीकार नहीं करेगी। अभी भी समय है केंद्र सरकार कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करे।

### कोर कमेटी की बैठक में कौन-कौन थे उपस्थित?

इस बैठक में केंद्रीय कोषाध्यक्ष सखीचंद महतो, दानिसिंह महतो, सपन कुमार महतो, सुषमा देवी, थानेश्वर महतो, अशोक महतो, रामचंद्र महतो, मुरलीधर महतो, महेंद्र महतो, रूपलाल महतो, शशिरंजन महतो, झारखंड आंदोलनकारी हरिशंकर महतो, सोनालाल महतो, डब्लू महतो, अघनुराम महतो, रघुनाथ महतो, अधिवक्ता जितेन्द्र महतो, खुदीराम महतो, भूषण महतो, भवतारण महतो, अमरू महतो, नागेश्वर महतो, रवि महतो, सनोज महतो, रावंती देवी, रविता देवी, देवनारायण महतो, अनूप कुमार समेत समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा-

# आखिर बहनों की भलाई क्यों नहीं चाहती भाजपा?



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर रोक लगाने को लेकर हाइकोर्ट में पीआइएल दायर होने पर भाजपा को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा आखिर क्यों नहीं चाहती कि राज्य की बहनों का भला हो? उन्हें मंईयां योजना से इतनी तकलीफ क्यों है? मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की यह मंशा कभी सफल नहीं होने दी जायेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की यह मंशा कभी सफल नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की मुझसे तकलीफ, खीज समझ आती है, पर झारखंडियों के हितों पर लगातार कुठाराघात चिंतनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य की बहनों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और मंईयां योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

### मंईया योजना के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का समापन 4 सितंबर को होने वाला है, लेकिन इससे पहले इस योजना पर रोक लगाने के लिए झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। सिमडेगा निवासी विष्णु साहू ने अधिवक्ता राजीव कुमार के माध्यम से झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार इस योजना के जरिए मतदाताओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। राज्य सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू की है, जिसके तहत 21 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये दिये जा रहे हैं। इस योजना का समापन पहले मोरहाबादी मैदान में 1 सितंबर को होना था, लेकिन इसे किसी कारणवश बढ़ाकर 4 सितंबर कर दिया गया है।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस में मिलन समारोह का आयोजन

# कई लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पलामू से भाजपा नेता लालसूरज सिंह रांची से चेतना सागर, डॉ पी नैय्यर, एडवोकेट खुर्शीद आलम, मीरा हमीद महुआडाड़ और लातेहार से शशि पन्ना ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस की अपनी नीतियां, सिद्धांत हैं। गौरवशाली इतिहास है। देश की आजादी से लेकर देश के निर्माण में योगदान रहा है। कांग्रेस के लोगों का क्या त्याग और बलिदान रहा है यह किसी से छिपा नहीं है। आज जिन लोगों ने भी कांग्रेस से जुड़ने का निर्णय लिया है। वह किसी स्वार्थवश नहीं बल्कि कांग्रेस विचारधारा से प्रभावित होकर जुड़े हैं। इसका सकारात्मक परिणाम आने वाले विधानसभा चुनाव में विभिन्न क्षेत्रों में पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परंपराओं का पालन करने में विश्वास करती है और आज युवा वर्ग का झुकाव कांग्रेस की ओर हो रहा है निश्चित रूप से झारखंड में आने वाले समय में एक ऐतिहासिक चुनाव परिणाम में युवा वर्ग की सहभागिता रहेगी। विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास जनता के विकास के लिए है। उनके अधिकारों की रक्षा के लिए है। कांग्रेस ने आदिवासियों को अधिकार दिया है। संवैधानिक प्रावधानों के दायरे में उनके विकास की व्यवस्था की गयी है। कांग्रेस विकास की बात करती है जोड़ने की बात करती है, भाजपा तोड़ने में। आने वाले चुनाव में भाजपा की इन्हीं नीतियों के कारण जनता इन्हें पूरी तरह नकारेगी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार बलमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधायक भूषण बाड़ा, सतीश पॉल मुंजनी, राजीव रंजन प्रसाद, अमूल्य नीरज खलको, गीताश्री उरांव, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, राकेश किरण महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पुराने लोग छोड़ रहे झामुमो, कुछ न कुछ कारण रहा होगा

# आदिवासी-मूलवासी का विकास भाजपा ही करेगी: मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोबिन हेंब्रम के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो के इतने पुराने लोग पार्टी छोड़ रहे हैं, कुछ न कुछ कारण रहा होगा।

कहा कि सरकार बनाने का लाभ भी यहां के लोगों को नहीं मिल पाया। जिन्हें झारखंड से कोई मतलब नहीं था, उन्हें ही लाभ मिला। भाजपा ही आदिवासी-मूलवासी का विकास करेगी। केंद्र की अटल सरकार ने सबसे पहले आदिवासी मंत्रालय बनाया। अटल जी की सरकार के समय ही संताली को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया है। झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है। उन्होंने कहा कि जो आज सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में नहीं आ पाये, उन्हें संताल में विधिवत रूप से सदस्यता ग्रहण कराया जायेगा।

## अश्लील वीडियो बना कर वायरल करने की दी थी धमकी

**रांची (आजाद सिपाही)।** आरोपियों से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि किडनैपरों ने व्यवसायी का अश्लील वीडियो बना कर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले को लेकर पुलिस पहले ही कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में पुलिस ने साजिशकर्ता श्वेतापति और उसके प्रेमी (जयपुर निवासी) के अलावा चाइबासा से दो युवकों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार युवकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि रांची एयरपोर्ट के पास से मेहुल साह का अपहरण करने के बाद उसे बिरसानगर के अपार्टमेंट में लेकर पहुंचे थे। बाबू पिल्लै अपार्टमेंट के एक फ्लैट में किराये में रहता था। इसी फ्लैट में पिस्तौल का भय दिखा कर अभिषेक सिंह, बाबू पिल्लै और श्वेतापति के प्रेमी ने जबरन युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए उसे मजबूर किया और मोबाइल से वीडियो भी बनायी। इसके बाद मेहुल साह से 50 लाख की फिरौती की मांग की। फिरौती की रकम नहीं देने पर वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी भी दी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# बाबा बैद्यनाथ के दरबार में शिवराज ने लगायी हाजिरी, जलाभिषेक किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शनिवार को देवघर पहुंचे। वहां उन्होंने पत्नी के साथ बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और जलाभिषेक किया। उन्होंने बाबा से देश और राज्य के विकास के साथ अमन-चैन और खुशहाली की कामना की। बताते चलें कि शिवराज सिंह चौहान देवघर के नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी और रणनीति को लेकर मंथन करेंगे। साथ ही वहां के जनप्रतिनिधियों से फीडबैक भी लेंगे।

# श्री श्याम भंडारे में भक्तों ने प्रसाद लिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 126वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने भारी संख्या में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान मुन्ना सिंह पिंकी सिंह ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। इसके बाद भोग लगे प्रसाद को यजमान परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने कहा कि श्री श्याम भंडारा एक पवित्र और धार्मिक आयोजन है, जिसमें भक्तों को प्रसाद ग्रहण करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में भक्तों की सेवा करना हमारा धर्म है। भंडारे में लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, पूर्व सांसद अजय मारू, राजीव मित्तल, मनोहर केड़िया, अमित सरावगी, अनुज मोदी, रमा सरावगी, कविता मित्तल, कमलेश सावा, आशीष डालमिया, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा स्वयं सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

# चंचल चटर्जी को सम्मानित किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार को कोकर बाजार जतरा टांड़ में कोकर दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष विकास दास(दीपक) की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें कमिटी के अध्यक्ष के द्वारा कमिटी के पूर्व अध्यक्ष चंचल चटर्जी को कमिटी के मुख्य संरक्षक के पद पर चुनरी ओढ़ा कर सम्मानित करते हुए बनाया गया। साथ ही इस बार भव्य पूजा करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक का संचालन छोटू पासवान ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष राजू राम, अर्जुन यादव, रंजन पासवान, अजय अग्रवाल, ललित महतो, वशिष्ट लाल पासवान, संतोष अग्रवाल, अमरनाथ सरकार, बंटी पासवान, गणेश पासवान संजय राम, सूरज कुमार पासवान, आशीष वर्मा, बिपिन पासवान, अजय भगत, सुशील बिस्वकर्मा, अमित चौरसिया, रोहित सिंह (छोटू) दिलीप सिंह, अविनाश राज, विशाल कुमार राम, अमित राज, रौनक पासवान, सूरज सिंह, सूरज शर्मा, शुभम राम, सूरज राम, कुणाल कुमार, चिंटू कुमार, रूपेश कुमार, आयुष कुमार, अमन राज, राजा कुमार, सागर राम, आदि शामिल थे।

# सीए कनेक्ट पोर्टल की शुरुआत आज

**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और सीए से संबंधित सेवाओं के लिए एक वन-स्टॉप समाधान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि सीए कनेक्ट पोर्टल की शुरुआत 1 सितंबर 2024 को रेडिसन ब्लू होटल, रांची में शाम 5 बजे होगी। यह पोर्टल चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और सीए से संबंधित सेवाओं के लिए एक वन-स्टॉप समाधान होगा। सीए श्रद्धा बागला, चेयरपर्सन, रांची शाखा ने बताया कि यह पोर्टल क्लाइंट को पूर्ण पैमाने पर उपयोग के लिए सीए पंजीकरण और नयी सुविधाओं के साथ तैयार है। इस पोर्टल के माध्यम से क्लाइंट को आईसीएआई द्वारा प्रदान की गयी सीए की सूची प्राप्त होगी, जो प्रामाणिक और सत्य होगी। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल की लॉन्चिंग में मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री - भारत सरकार संजय सेठ और विशेष अतिथि कोल इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सीए सुनील मेहता होंगे। इसके अलावा, विख्यात उपन्यासकार चेतन भगत, इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए रणजीत कुमार अग्रवाल, एथिकल स्टैंडर्ड बोर्ड के चेयरमैन सीए (डॉ) अनुज गोयल और प्रत्यक्ष कर के प्रख्यात विशेषज्ञ सीए (डॉ) गिरीश आहूजा उपस्थित होंगे। इस अवसर पर रांची शाखा के सदस्य सीए निशांत मोदी और कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी रोहित राय मौजूद थे।



असम के सीएम से मिले डॉ अभिषेक कुमार रामदीन।



असम के सीएम से मिले अल्बर्ट एक्का के पुत्र।

# डीजीपी अनुराग गुप्ता से मिले जनरल विकास भारद्वाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड और बिहार सब एरिया के जीओसी जनरल विकास भारद्वाज ने झारखंड पुलिस के डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात की। शनिवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में यह मुलाकात हुई। इस दौरान जनरल विकास भारद्वाज ने झारखंड के सेवारत और सेवानिवृत्त भारतीय सेना कर्मियों की प्रमुख चिंताओं और उनके समाधान के लिए उत्तरदायी तंत्र के तौर-तरीकों पर चर्चा की। इसके अलावा सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार किया।

## कार्यक्रम : खूंटी पूजन के साथ श्री राम लला पूजा समिति की दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू

# अयोध्या के श्री राम मंदिर का प्रारूप बनेगा आकर्षण का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** श्री राम लला पूजा समिति द्वारा पुरानी विधानसभा मैदान में दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू कर दी है। समिति ने शनिवार को पूजा स्थल के समीप विधिवत खूंटी पूजन कार्यक्रम आचार्य अनूप दाधीच के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस बार पूजा पंडाल में अयोध्या के नवनिर्मित श्री राम मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है, जो आकर्षण का केंद्र होगा। पंडाल का निर्माण कोलकाता के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है और इसमें 200 से ज्यादा कारीगर लगे हुए हैं। पंडाल में श्री राम लला के दर्शन के साथ-साथ मैदान में 26 फीट ऊंची श्री बजरंगबली की विशाल 4 डी प्रारूप भी लगाया जायेगा। आगामी नवरात्रि में पंडाल के गर्भगृह में मां भवानी का दर्शन भी श्रद्धालु कर सकेंगे। दशहरे में 2 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर विजयादशमी तक लोग यहां दर्शन कर सकेंगे। पंडाल की लंबाई 170 फीट और चौड़ाई 120 फीट होगी जबकि पंडाल 100 फीट ऊंचा रहेगा। मैदान परिसर में मेला और फूड स्टॉल भी लगाया जायेगा, जिसमें शुद्ध व्यंजन का स्वाद और आनंद लोग उठा सकेंगे। समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि पंडाल का निर्माण लगभग 98 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। महासचिव कुणाल अजमानी ने कहा कि इस बार का पूजा पंडाल पूरे झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा पंडाल होगा और श्रद्धालु भक्तों के लिए एक आकर्षण का केंद्र भी रहेगा। इस अवसर पर प्रकाश धोलिया,राजू पोद्दार, रोहित अग्रवाल, निर्मल जालान, प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत, दीपक चौधरी, उमेश यादव, अमर प्रसाद, नवजोत अलंग, पूर्व पार्षद कृष्णा महतो, राजू टांटिया, सुजीत वर्मा, विनोद जैन, शंभू प्रसाद, अनिल अग्रवाल, पवन पोद्दार, ललित पोद्दार, पवन शर्मा, रोहित अग्रवाल, मनोज बजाज, विकाश रंजन, मनीष लोधा, धीरज तनेजा, बंटी भाटिया, अनिल जालान, अशोक धानुका, संजीत यादव सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# प्रशासनिक लापरवाही से हुई सूरज की मौत, मुआवजा मिले

**होनहार युवक की मौत से बिफरे परिजन, सदर अस्पताल में प्रशासन को कोसा**

अंशु अनमोल मेहता

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** पदमा प्रशिक्षण केंद्र में दौड़ के दौरान जिस युवक सूरज की मौत हुई, वह बहुत प्रतिभाशाली थी। वह जेपीएससी पीटी में सफल हो चुका था और शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ था। उसकी मौत की खबर पाकर सदर अस्पताल पहुंचे उसके परिजनों ने बताया सूरज वर्मा बहुत ही होनहार युवक था। वह प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में जुटा था। वह गुरुवार को हजारीबाग आया था। उसे किसी तरह की कोई बीमारी नहीं थी। परिजनों ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही से सूरज की मौत हुई है। पदमा में इतने बड़े पैमाने पर परीक्षा का आयोजन हो रहा है, लेकिन वहां न चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी गयी है और न ही एंबुलेंस की व्यवस्था है। अगर वहां मेडिकल की सुविधा होती, तो सूरज की जान बच सकती थी। प्रशासन इसकी जवाबदेही तय करे और परिवार को मुआवजा दे।

# शादी की उम्र सीमा बढ़ाने पर सवाल

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार शादी की न्यूनतम आयु सीमा बढ़ाकर वास्तव में क्या हासिल करना चाहती है, समझना मुश्किल है। राज्य विधानसभा में इसी सप्ताह एक विधेयक पारित किया गया, जिसके मुताबिक शादी की न्यूनतम आयु 21 साल कर दी गयी। दिलचस्प है कि इस कदम पर प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस ने भी हैरत जतायी।

**केंद्रीय कानून के खिलाफः** राज्य विधानसभा में पारित होने के बावजूद इस विधेयक का कानून बनकर लागू होना मुश्किल है। इस विधेयक में बाल विवाह (निषेध) एक्ट 2006 को संशोधित किया गया है, जिसे संसद ने पारित किया था। जाहिर है, राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद भी लागू होने से पहले इसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाना है। क्या देश भर में लागू एक कानून से अलग प्रावधान वाले इस विधेयक को राष्ट्रपति की हरी झंडी मिलेगी?

**कांग्रेस की परेशानीः** इस विधेयक ने कांग्रेस पार्टी के लिए भी असहज हालात पैदा कर दिये हैं। साल की शुरुआत में जब केंद्र सरकार ने पिछली लोकसभा में इसी तरह का एक कानून लाने की कोशिश की थी, तो कांग्रेस ने उसका विरोध किया था। ऐसे में अब उसी के शासन वाले राज्य में इस विधेयक के पारित होने के बाद उसके सामने सवाल आ गया है कि वह विधेयक की निंदा करे तो कैसे और उसका बचाव करे तो कैसे।

**हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने शादी की न्यूनतम आयु सीमा 21 साल करने का विधेयक पारित किया। इस कदम को लेकर कांग्रेस और अन्य पार्टियों में असमंजस है। यह विधेयक केंद्रीय कानून के खिलाफ है और इसके लागू होने में कानूनी बाधाएं हैं। इसकी बजाय सरकार को लड़कियों को सशक्त बनाने पर ध्यान देना चाहिए।**

**बचकानी सोचः** सबसे बड़ी बात तो यह है कि राज्य में ऐसी किसी पहल की कोई मांग भी नहीं थी। ऐसा भी नहीं है कि हिमाचल बाल विवाह के मामले में अग्रणी राज्यों में आता हो। झारखंड जैसे राज्यों में हालात कहीं बदतर हैं, लेकिन अगर बाल विवाह के कुछ मामले राज्य में होते भी हैं, तो कानून बनाकर उसे रोक लेने की सोच अव्यावहारिक और बचकानी कही जायेगी।

**अलग हैं कारणः** लड़कियों की कम उम्र में शादी के पीछे गरीबी, शिक्षा की कमी, अवसर का अभाव और पितृसत्तात्मक सोच जैसे कारक हैं। देश में जैसे-जैसे इन मोर्चों पर हालात बदले हैं, बाल विवाह में भी कमी देखी गयी है। नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस) 3 के मुताबिक देश में 20 से 24 साल के बीच की 47 फीसदी महिलाएं ऐसी पायी गयीं, जिनकी शादी 18 साल से कम उम्र में हो गयी थी। एनएफएचएस-4 में यह घटकर 27 फीसदी पर पहुंच गया और एनएफएचएस-5 में और घटकर 23 फीसदी हो गया। इसके लिए कानून बदलने की कोई जरूरत नहीं पड़ी। वैसे भी तमाम सरकारी प्रयासों से बाल विवाह के खिलाफ माहौल तो बन ही रहा है, सामाजिक सोच भी बदल रही है।

**बढ़ेगी उलझनः** जाहिर है, राज्य सरकार का मकसद चाहे जो भी हो, समस्या को सुलझाने में इस कदम से कोई मदद नहीं मिलेगी, उलटे इससे कानूनी उलझन और बढ़ेगी। बेहतर होगा, सरकार यह कदम वापस लेकर लड़कियों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रयास तेज करे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**डंकी रूट का मतलब ऐसे रास्ते हैं, जो अवैध रूप से लोगों को एक देश से दूसरे देश ले जाते हैं। पंजाब में डंकी रूट एक दशक से भी ज्यादा समय से एक खुला रहस्य रहा है। यह शब्द पंजाबी शब्द 'डुंकी' से आया है, जिसका अर्थ है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। आज यह मुद्दा पूरी दुनिया में गूंज रहा है, क्योंकि ग्लोबल हो चुकी दुनिया में विकसित देशों का आकर्षण लगातार बढ़ता जा रहा है।**

# डंकी रूट से जुड़े संकट एवं दर्द को कौन सुनेगा!

ललित सिंह

**भारतीयों** में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है। यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनायी है, लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गंवायी है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामे एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी और चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है।

डंकी रूट का मतलब ऐसे रास्ते हैं, जो अवैध रूप से लोगों को एक देश से दूसरे देश ले जाते हैं। पंजाब में डंकी रूट एक दशक से भी ज्यादा समय से एक खुला रहस्य रहा है। यह शब्द पंजाबी शब्द 'डुंकी' से आया है, जिसका अर्थ है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। एक दशक से जारी इस गोरखधंधा-डंकी प्रैक्टिस का तब पदार्फाश हुआ एवं यह अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आया, जब इसके अंतर्गत दिसंबर 2023 में फ्रांस ने मानव तस्करी के संदेह में दुबई से निकारागुआ जा रहे 303 भारतीय यात्रियों वाले एक चार्टर विमान को रोक दिया था। इनमें से अधिकांश को वापस भारत भेज दिया गया था। हाल ही में पंजाब में समाना के चार युवाओं की दर्दनाक कहानी उजागर हुई है, जिन्हें एजेंटों ने मोटी रकम वसूलकर जानलेवा हालातों में धकेल दिया। उनसे दो चरणों में करीब ढाई करोड़ रुपये वसूले गये और घातक परिस्थितियों में धकेल दिया गया। कई दिन जंगलों में उन्हें भूखा रहना पड़ा। फोन और जूते छीन लिये जाने से उन्हें नंगे पैरों पैदल चलना पड़ा। डंकी रूट में लिप्त एजेंट अपराधी हैं, युवा-सपनों को

**डंकी रूट के जरिये लोग अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अवैध तरीके से प्रवेश करते हैं।**



**अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक बीते पांच साल में दो लाख से ज्यादा भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में घुसते हुए पकड़े गये हैं। ऐसे मामले उजागर होने के तुरंत बाद कुछ गिरफ्तारियां इस बड़े संकट का समाधान नहीं हैं। इन आपराधिक कृत्यों में लिप्त एजेंट कुछ समय के लिए चुप बैठ कर फिर से अपने नापाक खेल में सक्रिय हो जाते हैं।**

चूर-चूर करने वाले धोखेबाज हैं। यह दर्द एवं विडंबना केवल पंजाब की नहीं है, बल्कि गुजरात एवं देश के अन्य भागों के युवाओं की भी है। रोजगार के साथ-साथ शिक्षा सबसे बड़ी वजह है डंकी रूट की। कुछ देशों में तकनीकी तथा अन्य प्रोफेशनल शिक्षा पर भारत के मुकाबले कम खर्च होते हैं। इसलिए भी छात्र विदेश जाना पसंद करते हैं। जिन्हें कम समय में अच्छी कमाई करके अच्छी लाइफ स्टाइल में जीने की ख्वाहिश होती है या फिर जो भारत में किसी क्राइम में शामिल होते हैं, वे भी गैरकानूनी तरीका अख्तियार करते हैं।

डंकी रूट के जरिये लोग अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अवैध तरीके से प्रवेश करते हैं। इस रास्ते में कई जानलेवा खतरों का सामना करना पड़ता है। कई बार, अवैध तरीके से एंट्री करने के दौरान लोगों की मौत भी हो जाती है। साल 2022 में अमेरिका-कनाडा बॉर्डर से 10 मीटर की दूरी पर एक गुजराती परिवार की लाश मिली थी, यह परिवार बर्फीले तूफान की चपेट में आ गया था। इसी साल अप्रैल में एक और गुजराती परिवार की मौत हो गयी थी। अमेरिका में एंट्री से पहले ही सेंट लॉरेंस नदी में उनकी बोट डूब गयी थी। इस घटना में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे मारे गये थे। युवाओं का धोखेबाज एजेंटों के जाल में फंसना हमारे शासन तंत्र की नाकामी ही है। यदि ऐसे एजेंट समय रहते कानून व्यवस्था के शिकंजे में फंस गये होते, तो युवा ठगी के शिकार न बनते। आखिर हम अपने युवाओं को देश में सम्मानजनक रोजगार क्यों नहीं दे पा रहे हैं? भारत सरकार अन्य देशों के साथ मिलकर युवाओं को धोखे से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है? निस्संदेह, विभिन्न राष्ट्रों के सहयोग से दलाली-ठगी करने वाले इस तरह के अंतरराष्ट्रीय गिरोहों का खात्मा करना अपेक्षित है। एशिया, यूरोप और मध्य अमेरिका तक दलालों के जाल बिछे हैं।

शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' में इस समस्या को उभारा गया है। इस फिल्म में अवैध तरीके से विदेश जाने के तरीके को एवं उसमें होने वाली परेशानियों को दिखाया गया है। मूवी दिखाती है कि सात समंदर पार जाने का सपना लिये लोग कैसे-कैसे अवैध तरीके अपनाते हैं, कितनी दुश्वारियां और कितना पैसा खर्च कर देते हैं। 'डंकी रूट' एक विकराल होती समस्या है। भारत में बढ़ती बेरोजगारी जहां इस समस्या का बड़ा कारण है, वहीं किस तरह युवा भी धैर्य और कठिन परिश्रम के बजाय रातों-रात अमीर बनने के सपने संजोते हुए इन संकटों को आमंत्रित करते हैं। आखिर क्या वजह है कि मां-बाप जमीन बेचकर और अपने गहने-मकान गिरवी रखकर बच्चों को विदेश भेजने को आतुर हैं?

आखिर सुनहरे सपनों की चकाचौंध में हमारे युवा दलालों के हाथों के खिलौने क्यों बन रहे हैं? अमेरिका एवं अन्य देशों में जाने के सम्मोहन में अपने जीवन को इस तरह जोखिम में डालना युवा क्यों उचित मानते हैं? पिछले दिनों दलालों ने देश के युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर युद्धरत रूस की फौज में भी भर्ती करवा दिया। कई युवाओं के युद्ध में मरने की खबरें भी आयीं। दरअसल, युवाओं की इस बदहाली की वजह भ्रष्ट और बेइमान ट्रैवल एजेंट तो हैं ही, हमारी सरकारें भी इसके लिए कम जिम्मेदार नहीं हैं।

हाल ही में डंकी यात्रा पूरी करने वाले लोगों के परिवारों ने बताया कि मानव तस्कर अक्सर नयी दिल्ली और मुंबई से प्रवासियों को पर्यटक वीजा पर संयुक्त अरब अमीरात ले जाते हैं। फिर वे वेनेजुएला, निकारागुआ और ग्वाटेमाला जैसे लैटिन अमेरिका के एक दर्जन से ज्यादा ट्रांजिट बिंदुओं से गुजरते हुए अमेरिका-मेक्सिको सीमा तक पहुंचते हैं। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक बीते पांच साल में दो लाख से ज्यादा भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में घुसते हुए पकड़े गये हैं। ऐसे मामले उजागर होने के तुरंत बाद कुछ गिरफ्तारियां इस बड़े संकट का समाधान नहीं हैं। इन आपराधिक कृत्यों में लिप्त एजेंट कुछ समय के लिए चुप बैठ कर फिर से अपने नापाक खेल में सक्रिय हो जाते हैं। वैसे वे युवा भी कम दोषी नहीं हैं, जो वास्तविक स्थिति को जाने बिना शॉर्टकट रास्ते के लिए दलालों को पैसे देने को तैयार हो जाते हैं। दरअसल विदेश जाने के इच्छुक उम्मीदवारों को आधिकारिक चैनल को दरकिनार करने के खतरों के बारे में भी बताना चाहिए। इसके लिए उन्हें सचेत करने के मकसद से जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले, लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि उत्तर प्रदेश में 60 हजार कांस्टेबल की भर्ती के लिए 48 लाख से भी अधिक युवा-प्रार्थियों ने आवेदन किया है। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिए कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों एवं परेशानियों की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। एक शख्स के अनुसार उसका भतीजा कैलिफोर्निया में एक डेयरी फार्म में प्रतिदिन लगभग एक सौ डॉलर कमाता है, जबकि यहां भारत में वह वही काम करके एक महीने में छह हजार रुपये कमाता था। रिश्तेदारों के मुताबिक इस धन से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नयी कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गये वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है। संभावित प्रवासियों के लिए यह निर्णय भारी कीमत और बहुत बड़े जोखिम के साथ आता है। विडंबना देखिये कि मुट्ठी भर डंकी प्रवासियों की सफलता की कहानियां बहुसंख्यकों को गुमराह करती हैं। हर कोई प्रवास के लाभों के बारे में बात करता रहता है, लेकिन कोई भी समस्याओं और चुनौतियों के बारे में बात नहीं करता।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में तेजी से न्याय जरूरी: मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय का जिला न्यायपालिका का छह सत्रों वाला दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार से शुरू हुआ। इसके उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने टिकट और सिक्के का अनावरण किया। महिलाओं खिलाफ अपराध और बच्चों की सुरक्षा पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में जितनी तेजी से न्याय मिलेगा, उतनी जल्दी आधी आबादी को सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। पीएम मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल भी इस समारोह का हिस्सा बने। भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पीएम मोदी ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष, ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है, भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है, एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व



होने की। उन्होंने आगे कहा, भारत के लोगों ने कभी सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर अविश्वास नहीं किया। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष, मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है- विकसित भारत, नया भारत। नया भारत, यानी - सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तंभ है। प्रधानमंत्री ने कहा, न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तर पर काम हुए हैं। पिछले 10 वर्षों में देश ने न्यायिक संरचना के विकास के लिए लगभग आठ हजार करोड़ रुपए खर्च किये हैं। पिछले 25 साल में जितनी राशि न्यायिक संरचना पर खर्च की गयी, उसका 75 प्रतिशत पिछले 10 वर्षों में ही हुआ है। भारतीय न्याय संहिता के रूप में हमें नया भारतीय न्याय विधान मिला है। इन कानूनों की भावना है- 'नागरिक पहले, गरिमा पहले और न्याय पहले'। हमारे आपराधिक कानून शासक और गुलाम वाली औपनिवेशिक सोच से आजाद हुए हैं। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा, समाज की गंभीर चिंता है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं, लेकिन हमें इसे और सक्रिय करने की जरूरत है। महिला अत्याचार से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आयेंगे, आधी आबादी को सुरक्षा का उतना ही बड़ा भरोसा मिलेगा।

# केरल में पहली बार पति के बाद पत्नी बनेंगी मुख्य सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के इतिहास में पहली बार पति के रिटायर होने के बाद पत्नी मुख्य सचिव बनेंगी। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने शुक्रवार को निवर्तमान मुख्य सचिव वी वेणु के विदाई समारोह के दौरान इस बारे में जानकार दी। वेणु 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गये। उनकी जगह उनकी पत्नी शारदा मुरलीधरन मुख्य सचिव बनेंगी, जो वर्तमान में





अतिरिक्त मुख्य सचिव का पद संभाल रही हैं। सीएम ने राज्य में कई ऐसे उदाहरणों का जिक्र किया, जहां दंपतियों ने कलेक्टर का कार्यभार एक से दूसरे को सौंपा हो।

# पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने वाले एयर मार्शल डेंजिल का निधन



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 के युद्ध में दुश्मन देश के एफ-86 सेबर जेट को मार गिराने वाले एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डेंजिल कीलोर का 90 वर्ष की आयु में गुरुग्राम में निधन हो गया। वे भारतीय वायुसेना के सम्मानित अधिकारी थे। उन्हें एक जांबाज पायलट के रूप में याद किया जाता है। उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए उन्हें युद्ध के समय के तीसरे सबसे बड़े वीरता पुरस्कार वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

# प्रवासी मजदूर की पीट-पीट कर हत्या, पांच लोग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के चरखी दादरी जिले में पश्चिम बंगाल के एक प्रवासी मजदूर की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में गौरक्षक समूह के पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोप है कि मजदूर ने पशु मांस खाया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, साबिर मलिक की हत्या 27 अगस्त को की गयी थी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित के पशु मांस खाने के संदेह में अभिषेक, मोहित, रविंदर, कमलजीत और साहिल ने खाली प्लास्टिक की बोतलें बेचने के बहाने उसे एक दुकान पर बुलाया और फिर उसकी पिटाई कर दी। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी मलिक को दूसरी जगह ले गये और फिर से उसकी पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गयी। इस मामले में दो नाबालिगों को भी पकड़ा गया है। बाढड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सोनी ने बताया कि मंगलवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि भांडवा गांव के समीप एक युवक का शव पड़ा है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के 24-परगना जिले के गांव बासंती बल्लारोप मेजरपाला शिवगंज निवासी साबिर मलिक के रूप में हुई।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को किया याद



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ प्रणब मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया है। अमित शाह ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ प्रणब मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि। एक राजनीतिक दिग्गज, विद्वान और एक बेहतरीन प्रशासक, मुखर्जी जी की जीवन यात्रा पश्चिम बंगाल के एक साधारण गांव से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंची, जिन्होंने हर तरह से शासन को मजबूती दी। उनका योगदान राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

# पीएच असाध्य रोगों की सूची में शामिल 50 लाख तक की मिलेगी सहायता

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार ने असाध्य रोगों की सूची में प्राथमिक हाइपरऑक्सालुरिया (पीएच) को भी शामिल किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिल्ली एम्स समेत देश के 12 संस्थानों को जारी आदेश में कहा है कि पीएच से ग्रस्त मरीजों को राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति के तहत 50 लाख तक की सहायता की जायेगी। यह सहायता प्रत्यारोपण के लिए सीधे चिकित्सा संस्थान को उपलब्ध करायी जायेगी। पीएच एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है, जो शरीर में बहुत अधिक ऑक्सालेट का उत्पादन के कारण बनता है। इसकी वजह से गुर्दे और मूत्राशय में बार-बार पथरी बनती है, जिससे गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है और गुर्दे की विफलता हो सकती है।

# केंद्रीय कर्मचारियों के लिए नया पेंशन आवेदन फॉर्म जारी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए एक नया सरलीकृत पेंशन आवेदन पत्र 6 ए जारी किया। इस नये फॉर्म में कुल नौ फॉर्म को मिलाया गया है। यह फॉर्म भविष्य/इ-एचआरएमएस (ऑनलाइन माड्यूल) में केंद्र सरकार के उन सभी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगा, जो दिसंबर 2024 और उसके बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरलीकृत फॉर्म नागरिकों और पेंशनभोगियों के जीवन में आसानी सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार का एक और कदम है।

## बलात्कार के आरोपी मुखिया ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

गढ़वा(आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र की आदिवासी महीला के साथ बलात्कार और धर्म परिर्वतन के लिए दबाव बनाने के आरोपी इज्हार अंसारी मुखिया दुधवल पंचायत ने अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी के न्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया। उसने आत्मसमर्पण करने के साथ ही साथ जमानत आवेदन भी प्रस्तुत किया था। जिसपर सुनवाई के बाद मामला की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने जमानत आवेदन को अस्वीकृत करते हुए मो इज्हार अंसारी को न्यायिक हिरासत में लेते हुए कारा सुरक्षा गढ़वा में भेज दिया। यह जानकारी पीड़िता की अधिवक्ता अशोक कुमार तिवारी ने दी। जबकि आत्म समर्पण करने के दौरान मुखिया इज्हार अंसारी ने खुद पर लगाये गये आरोप से इनकार किया है कि उसे राजनीतिक साजिश के तहत बदनाम करने की कोशिश किया जा रही है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई: थाना प्रभारी

धुरकी। पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार पांडेय के निदेशानुसार धुरकी पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दर्जनों दोपहिया वाहनों को जब्त कर एम वी एक्ट के तहत बिना हेलमेट पहन कर वाहन चलाने वाले, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वाले, ट्रिपल लोडिंग, रेस ड्राइविंग करने वाले के विरुद्ध चालान हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को पत्राचार किया गया। साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि लोग हेलमेट जरूर पहनें, वाहन का जरुरी कागजात अपने साथ लेकर चलें और यातायात नियमों का पालन करें।

## महिला को ससुराल वालों ने पिलाया कीटनाशक, गंभीर



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी थाना क्षेत्र के बैतरी गांव निवासी सत्येंद्र पाल की पत्नी सुमिंता देवी अपने ससुराल वालों पर जबरन कीटनाशक दवा पिला कर हत्या किये जाने का आरोप लगायी है। इस घटना में गंभीर होने के बाद उसे भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां आयुष चिकित्सक नीतिश भारती के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में पीड़ित के पिता चुंदी रमना गांव निवासी सागर पाल ने बताया की वर्ष 2021 में मैं अपनी लड़की की शादी सत्येंद्र पाल के साथ किया था, जिससे तीन बच्चे है। लॉक डाउन के बाद सत्येंद्र पाल बाहर कमाने गया था और वहीं एक लड़की से शादी कर अपने घर ले आया।

## अगस्त माह का राशन नहीं मिलने से लाभुक परेशान

सगमा (आजाद सिपाही)। सगमा प्रखंड में जनवितरण बना मनवितरण प्रणाली ओभर ड्यूज के नाम पर हजम हो रहा है गरीबों का निवाला। इसे लेकर ताजा घटना सगमा प्रखंड के घघरी गांव में देखने को मिला है। शनिवार को घघरी गांव के खाद्य सुरक्षा के दर्जनों लाभुक अपने डीलर मंजू देवी पति कामेश्वर जायसवाल के दुकान पर पहुंचकर कहा कि अगस्त माह का अंतिम दिन है हम लोगों को इस माह का राशन मिलना चाहिए। इस पर डीलर मंजू देवी ने कहा कि अगस्त माह का राशन ओभार ड्यूज में चला गया है, इस कारण आप लोग अपना अंगूठा लगाकर सितंबर माह का राशन ले सकते है। इसे सुनते ही लाभुकों ने हंगामा शुरु कर दिया और कहा कि आप हम लोगों के साथ हर समय यहीं कहानी सुनाते है, अब हम लोग आपकी बात को बर्दास्त नहीं करेंगे, हम लोगों को अगस्त माह का राशन चाहिए। इसे लेकर डीलर मंजू देवी के पति कामेश्वर जायसवाल के साथ लाभुकों का तीखी नोक झोंक शुरु हो गया।

### 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में पहुंचे उपायुक्त

# लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

**आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रविवार तक आये 13933 आवेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** राज्य सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' का शुभारंभ 30 अगस्त से शुरू है तथा यह कार्यक्रम 15 सितंबर 2024 तक चलेगा। इसी के निमित्त रविवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर ने मेराल प्रखंड के चामा पंचायत में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में पहुंच कर सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। समाचार लिखे जाने तक शनिवार से लेकर रविवार तक कुल 13933 आवेदन प्राप्त हुए। आवास योजना को लेकर ज्यादा आवेदन आये। 10वीं और 12वीं की उत्तीर्ण छात्रा जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए अपना आवेदन पंचायत स्तरीय शिविर में जमा किया।

**लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण :** उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा पंचायत स्तरीय शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साइकिल वितरण, जाति/ आवासीय/आय प्रमाण पत्र, पशुधन का वितरण, ट्राईसाईकिल, मनरेगा जॉब कार्ड आदि का वितरण किया गया।



## बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



बड़गड़ (आजाद सिपाही)। बड़गड़ प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता को लेकर बीडीओ अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड के सभी विभागों के कर्मी, किसान मित्रों और पंचायत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रधान सहायक उपेंद्र कुमार, पिकेट प्रभारी विजय शंकर राय, जनसेवक आरियल कच्छप, बिटिएम जगरनाथ कुमार, किसान मित्र अशोक यादव, देवनीस खलखो, राजेश बाखला, रंजीत तिग्गा, साबुलाल आदि उपस्थित थे।

## भंडरिया में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत भंडरिया पंचायत भवन के प्रागन मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन भंडरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की उप मुखिया रविंद्र सिंह उप प्रमुख श्रद्धा देवी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर भंडारिया पंचायत के पंचायत सचिव मोजेस कुजूर मनरेगा ऑपरेटर संतोष गुप्ता अबुआ आवास ऑपरेटर राहुल कुमार और सभी विभाग के लोग उपस्थित थे।

## शिविर में 1291 आवेदन आये, 20 का निष्पादन



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। पतिहारी पंचायत भवन में शनिवार को चौथी बार हेमंत सरकार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख दीपा कुमारी, अंचल अधिकारी सह बीडीओ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 1291 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें 20 आवेदनों का ऑन द स्पॉट स्वीकृति प्रदान की गयी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधी अशोक पासवान, समाजसेवी मुन्ना अंसारी, पंचायत सेवक रामप्रवेश सिंह, मुकुल, एजाज आलम, अमल सिंह, जयप्रकाश सहित कयी ग्रामीण उपस्थित थे।

# लापता महिला का शव मकई के खेत में मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के बरदरी गांव में मकई के खेत से रंका पुलिस ने शनिवार के सुबह एक महिला का क्षत बिक्षत शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा है। जहां से उसके शव का बेहतर परीक्षण के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। इस बावत बरदरी गांव निवासी विजय सिंह ने रंका थाना में दिए आवेदन में कहा है कि मृतका कौशल्या देवी उर्फ खुशबू सिंह 30 वर्ष उसकी बेटी है उसकी शादी वर्ष 2013 में डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी राजकुमार सिंह के पुत्र बैजनाथ सिंह के साथ किया था, उसके दो बेटे हैं। इस बीच घरेलू हिंसा से तंग आकर कौशल्या अपने दोनों बेटों के साथ पिछले 2018 से यही रह रही थी। बीते बुधवार के रात्रि रोज की तरह खाना खाकर सभी सोने गये। कौशल्या भी अपने बेटों को लेकर बरामदे में सोने चली गयी। कुछ देर बाद वह दोनों बच्चे बरामदे से लगे कमरे में मामा के साथ सोने चले गये। सुबह होने पर सभी उसे नहीं देख खोजने लगे। काफी प्रयास के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे खेत के तरफ से सड़ांध भरा दुर्गंध आने पर घर से महज पचास मीटर की दूरी पर हम सभी गये, जहां बिछावन में लपेट कर बांधा हुआ शव देखा। जिसका सिर और चेहरा जंगली सियार व कुत्तों द्वारा नोच-नोच कर खाया हुआ था। मगर कपड़ों से उसकी पहचान की गयी। बाद में उसके कमरे को भी ग्रामीणों की उपस्थिति में खोलकर देखा गया। वहां पर भी बिछावन, दिवार और जमीन पर भी खून के धब्बे पाये गये। आवेदक बिजय सिंह ने उसकी हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से मकई के खेत में फेंक दिये जाने का आरोप लगाते हुए हत्यारे के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## जुआ खेलते आधा दर्जन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने कपूरी चौक के समीप मनोज होटल में खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये लोगों से 12 हजार रुपये नगद 6 मोबाइल फोन, दो बाइक जब्त किया गया। बताते चलें की कि भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार को गुप्त सूचना मिली कि कर्पूरी चौक के समीप मनोज होटल में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं, जिसके बाद थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंच कर छापामारी किया गया। इस दौरान अवैध तरीके से जुआ खेल रहे जुआरी संजय कुमार साह, रणविजय साह, राजेंद्र साह, विनोद कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया गया जबकि तीन अन्य ताहिर अंसारी, प्रवीण कुमार चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी फरार हो गये। इस प्रकार की छापेमारी से पुलिस को यह संकेत मिलता है कि जुये की गतिविधियां स्थानीय स्तर पर कितनी व्यापक हो सकती हैं, और इन पर नकेल कसने की कितनी आवश्यकता है। इस छापेमारी के बाद पुलिस ने लोगों को आश्वस्त किया है, कि वे जुए और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेंगे। इस छापामारी में एस आई दिनेश सिंह, प्रदीप उरांव, नारायण प्रसाद, बसंत कुमार राम सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# दहेज प्रथा और नशाखोरी जैसी कुरीतियों को समाप्त कर समाज का उत्थान किया जा सकता है: डॉ अनिल साह

**मध्यदेशीय वैश्य सभा ने बाबा गणिनाथ की जयंती मनायी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा सह मधेशिया वैश्य महासभा के तत्वावधान में बाबा गणिनाथ महाराज की जयंती धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम शहर के टाउन हॉल में आयोजित किया गया। समाज के डॉ अनिल साह, डॉ सुशील गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष अंजली गुप्ता मुख्य रुप से उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में गढ़वा जिला के अलावे झारखंड प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ के लोगों ने भाग लिया। इस इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ अनिल साह ने कहा कि समाज के सभी लोगों को संगठित होने की आवश्यकता है। जब तक संगठित नही होंगे, समाज का विकास होना असंभव है। उन्होने कहा कि समाज के लोगों को शैक्षणिक, राजनैतिक के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज में दहेज प्रथा, शराब, नशाखोरी जैसी बुराईयां फैली हुई है। इसे दूर करने की जरूरत है। तभी समाज बेहतर कर सकता है। महिला जिला अध्यक्ष अंजली गुप्ता ने कहा की आज काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए हैं। इस अवसर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामदास साहू, पूजा समिति के अध्यक्ष टुन्नू गुप्ता, महिला जिला अंजली गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता झारखंड लाइट, अनिल हलवाई टंडवा, विजय गुप्ता सहित आदि लोग मौजूद थे। इस कार्यक्रम में कश्यप समाज से फंटूश कश्यप, जसवाल समाज से रविंद्र जयसवाल, तेली समाज से मनीष गुप्ता सहित अन्य समाज के लोग शामिल थे। जयंती समारोह के अवसर पर कुर्सी रेस, मेंहदी प्रतियोगिता, वैवाहिक परिचय, निबंध प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मैट्रिक व इंटर के परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## प्रांतीय निर्देशानुसार सरस्वती विद्या मंदिर का हुआ निरीक्षण



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर, श्री बंशीधर नगर में प्रांत के निदेशानुसार प्रातः आगमन से लेकर अवकाश तक का सूक्ष्म दृष्टि से निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम भारत माता, ऊं और मां सरस्वती के चित्र पर निरीक्षक ओंकार नाथ सहाय एवं प्रधानाचार्य शिव बालक सिंह और विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल द्वारा संयुक्त रुप से पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन किया गया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने आये निरीक्षको का परिचय कराया तथा आगन्तुक अभिभावकों चंदन कुमार और धीरेंद्र कुमार द्वारा निरीक्षकों को सम्मानित कराया। विद्यालय के बच्चों के संस्कारों से अवगत हुए और उनमें आदर्श संस्कार को जागृत करने पर बल दिया। विद्यालय की सुव्यवस्थित व्यवस्था को देखकर विद्यालय परिवार को धन्यवाद कहा। अंत में निरीक्षक द्वय द्वारा आचार्य-दीदी जी के साथ बैठक कर सुझाव व सुधार पर विमर्श किया।

## सड़क पर जलजमाव होने से राहगीर परेशान



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चौबे मझिगावां गांव के मुख्य सड़क के जोगी मोड़ के पास नवडिहवा, महूदड़ जाने वाली सड़क में इस बरसात के मौसम की वजह से सड़क पर घुटनों से अधिक तक जलजमाव होने के वजह से राहगिरों व सड़क के किनारे रहने वाले बबुराहा टोला वासियों को आने- जाने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सड़क की स्थिति को देखते हुए मझिगावां पंचायत मुखिया रीता देवी ने अपनी निजी खर्च से सड़क में हुए जलजमाव को भरने का काम शुक्रवार देर शाम से शुरू करा दी है। मुखिया प्रतिनिधि शंभुनाथ साह ने बताया कि इसी सड़क के रास्ते लोगों का बबुराहा, नवडिहवा, महदड़ व रानिदेवा टोले पर आना जाना करते हैं। साथ ही अपने मझिगावां पंचायत सचिवालय तक आने जाने का यह रास्ता है।

## लापता लड़की नगर उंटारी से बरामद

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। बिहार के भोजपुर जिला से लापता लड़की को नगर उंटारी थाना के महिला पुलिस ने मुख्य बाजार से बरामद कर शुक्रवार को बिहार पुलिस और उसके परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार भोजपुर जिला अंतर्गत इमादपुर थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी इंद्रजीत राम ने बिगत 13 जून 2024 को स्थानीय थाना में आवेदन देकर अपनी पुत्री रेखा कुमारी उम्र 21 वर्ष की लापता होने का मामला दर्ज कराया था। प्राथमिककी दर्ज कर अनुसंधान में पुलिस जुट गयी। लड़की रेखा कुमारी ने बताया कि नगर उंटारी थाना क्षेत्र के कोईदी गांव निवासी रैहमत अंसारी के पुत्र सलीम अंसारी उर्फ राजू बोस से पिछले 6 माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। रेखा ने बताया कि उसकी प्रेमी भोजपुरी जिला में ही ठेकेदारी का काम करता है, जिससे मार्च माह में फोन के माध्यम से उससे संपर्क हुआ। इसी बीच सलीम अंसारी लड़की को शादी का झांसा देकर 3 जून को उसके गांव से भागकर उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में अपनी बहन के घर ले गया।


कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा।
आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–14/2024–25 जिसका पी0आर0 संख्या–333770 Building(24-25).D है। जिसे अपरिहार्य कारण वश रदद् किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा।

PR 334280 Building(24-25)D


# आम लोगों के लिए काम कर रही हेमंत सरकार : नितेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चिनियां प्रखंड के बरवाडीह पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीस सूत्रि के जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, अंचल पदाधिकारी सुनेश्वर यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, प्रमुख सुनैना देवी एवं जिपस बनारसी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि नितेश सिंह ने कहा कि हम सभी लोग सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके पंचायत में आकर आपकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का प्रयास कर रहे हैं। झारखंड सरकार के द्वारा जो भी योजनायें चलायी जा रही है, आप सभी लोग उसका लाभ उठाएं। अपनी समस्याओं से संबंधित लिखित आवेदन संबंधित विभाग के स्टॉल पर दें। आपकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में जब से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनी है, तब से आम लोगों के कल्याण के लिए सरकार जनकल्याणकारी योजनायें बना रही है। जिसमें मइयां सम्मान योजना में रजिस्ट्रेशन के बाद तुरंत सीधे लाभुक के खाते में एक हजार रुपये पहुंच रहा है।

## बसपा कार्यालय में हुई पार्टी की समीक्षा बैठक



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बसपा कार्यालय में भवनाथपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें विधानसभा के तीन सौ अधिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पर्यवेक्षक अरुण कुमार, पर्यवेक्षक रमेश राम, प्रदेश सचिव शिवकुमार विश्वकर्मा और प्रभारी पंकज चौबे उपस्थित रहे। भवनाथपुर विधानसभा प्रत्याशी पंकज चौबे ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले विधानसभा चुनाव में कैसे भवनाथपुर विधानसभा को जीत कर बहन मायावती के हाथों को मजबूत किया जाये। यहां के वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही एवं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव युवाओं का छलने का काम किया है। इस मौके पर पार्टी के विस अध्यक्ष अखिलेश राम, उपाध्यक्ष, कमलेश ठाकुर, प्रभारी चंद्रिका राम, सुशील चौबे, नीरज आदि उपस्थित थे।

### आरके पब्लिक स्कूल में सीबीएसइ शिक्षक कार्यशाला का हुआ आयोजन

# 'माता-पिता को शिक्षा के बारे में शिक्षित करना' कार्यशाला का उद्देश्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा में माता-पिता को शिक्षा के बारे में शिक्षित करने और मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने पर सीबीएसई पटना द्वारा क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) के तहत 'एजुकेटिव पैरेंट्स अबाउट एजुकेशन' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी।

इस कार्यशाला में आरकेपीएस ऊंचरी मंझिआंव, आरकेपीएस अधौरा श्रीवंशीधर नगर, मिलेनियम स्कूल नगर, साउथ प्वाइंट गढ़वा, ज्ञान निकेतन गढ़वा, आक्सफोर्ड स्कूल गढ़वा, ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर और सोनभद्र ओबरा से सेक्रेड हार्ट स्कूल के 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं में से 59 ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन के रूप में डीएभी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के प्राचार्य डॉ जीएन खान और ब्राइट लैंड स्कूल मेदिनीनगर से चिंशु सिंह थे।

इस अवसर पर स्कूल के निदेशक ने अपने संबोधन में सभी का स्कूल परिसर में अभिनंदन करते हुए कहा कि लगातार विकसित हो रहे शैक्षिक परिदृश्य में, केवल शिक्षक और छात्र ही महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाते हैं, माता-पिता भी उतने ही महत्वपूर्ण हितधारक हैं। माता-पिता को अपने बच्चे की शैक्षिक यात्रा का समर्थन करना चाहिए और शिक्षणशास्त्र की समझ से लैस होना चाहिए। इसके अलावा, माता-पिता की शिक्षा जीवन भर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देती है क्योंकि माता-पिता अपने बच्चों के लिए एक शक्तिशाली उदाहरण पेश करते हैं क्योंकि माता-पिता बच्चे के पहले और सबसे प्रभावशाली शिक्षक होते हैं।

रिसोर्स पर्सन ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पूर्ण कार्यान्वयन के लिए तैयार है। इसलिए, सीबीएसई का लक्ष्य शिक्षकों को अभिभावकों को संबोधित करने और सरल तरीके से एनईपी 2020 के लाभों को समझाने के लिए प्रशिक्षित करना है। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी अपनी कौशल दिखाने का अवसर मिला और बेहतर प्रदर्शन करने वालों को रिसोर्स पर्सन के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कार्यशाला को सफल बनाने में भूमिका अहम रही। कार्यशाला के अंत में ग्रुप फोटोग्राफी की गई और प्रमोद कुमार झा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।


जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़
द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत
(दिनांक 28 वीं सितम्बर, 2024)
2024 शनिवार 11:00 बजेसे 03:00 बजे तक)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा दिनांक 28.09.2024 को 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
अतः आप सभी आमजनों से निवेदन है कि आप सभी अपने–अपने वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करायें एवं इस अवसर का लाभ उठायें। (यहां यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.07.2024 से 27.09.2024 तक संबधित न्यायालय एवं स्थाई लोक अदालत के समक्ष समझौता पूर्व बैठक की जा रही है, जिसमें अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को सूचीबद्ध करा सकते हैं।)
निष्पादन होने योग्य वाद :

Pre-litigation cases

1. N.I. Act cases u/s 138
2. Bank Recovery cases
3. Labour disputes cases
4. Electricity and Water bills cases (excluding non-compoundable)
5. Maintenance Cases
6. Others (Cr. Compoundable and other civil disputes)

Pending cases in the Courts

1. Criminal Compoundable Offence
2. N.I. Act cases u/s 138
3. Money Recovery cases
4. MACT cases
5. Labour disputes cases
6. Electricity and Water bills cases (excluding non-compoundable)
7. Matrimonial disputes (except divorce)
8. Land Acquisition cases
9. Services matters relating to pay and allowances and retiral benefits
10. Revenue cases (pending in District Courts and High Courts only)
11. Other civil cases (rent, easementary rights, injunction suits, specific performance suitsetc. (Please specify the category)

अतः उक्त तिथि को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वाद का निपटारा सुलह के आधार पर करें।

ह0/–
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़।

PR 334168 District(24-25)D

# तोरपा थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले में शनिवार को घटी दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गये। तोरपा थाना क्षेत्र के रायसेमला गांव के पास सड़क दुर्घटना मे तीन लोग घायल हो गये। यहां हुई दुर्घटना में घायल हु लोगों मे रायसेमला गांव का मती उरांव (32) तथा कुदरी गांव का इलो होरो (20) और पवन महतो (22) शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार इलो तथा पवन एक बाइक से रायसेमला गांव होकर अपने घर कुदरी जा रहे थे। रास्ते में साइकिल से जा रहे मती उरांव को धक्का मार दिया, जिससे तीनों



वही गिर गये। मती को चेहरा और अन्य जगहों पर चोट आयी है। दूसरी घटना जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बाला मोड़ के पास घटी।

दो बाइक के बीच हुए सीधी टक्कर में हासिम अंसारी (24) तथा पोढ़ा तिग्गा (20) गंभीर रूप से घायल हो गये। हासिम लरता तथा पोढ़ा गुमडू गांव का रहने वाला है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तोरपा में किया गया।

# मासिक लोक आदालत में 26 मामलों का निष्पादन, 7.93 लाख रुपये का सेटलमेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय खूंटी में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। मासिक लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए चार बैंचों का गठन कर न्यायालय में लंबित मामलों तथा प्री- लिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले एनआईएक्ट के मामले और




बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किए गये।

डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि लोक अदालत में चार बैंचो के माध्यम से न्यायालय में लंबित 26 मामलों का निष्पादन किया गया तथा 793709 रुपये का सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार ने एमएसीटी केस नंबर 12/2021 में 7,60,000 रुपये का चेक भी पीड़ित को प्रदान किया गया। लोक अदालत के प्रथम बेंच में जिला जज द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा जिला जज तृतीया प्रति प्राची मिश्रा, पैनल अधिवक्ता प्रेम प्रकाश गुरु, द्वितीय बेंच में मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, पैनल अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक और कविता कुमारी, तृतीय बेंच में एसडीजेएम विद्यावती कुमारी, पैनल अधिवक्ता आशीष कुमार और सुमित कुमार कश्यप तथा चतुर्थ बेंच में अस्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह और सदस्य मधु चंदा रजक और पैनल अधिवक्ता शशि कला कुमारी उपस्थित थे।

## दिउड़ी मंदिर में मंत्री राम दास सोरेन ने की पूजा-अर्चना



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ दिउड़ी मंदिर में शनिवार को मंत्री राम दास सोरेन ने परिवार के साथ पुजा अर्चना की। उन्हें विधी विधान से मनोज पांडा ने पुजा पाठ करवाया। उन्होंने अपने तथा झारखंड के लिए अमन चैन बने रहने की कामनाएं किया।

## तिलाईपीड़ी गांव में उल्टी दस्त की शिकायत, दर्जनों लोग पीड़ित



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तिलाईपीड़ी गांव में उल्टी दस्त की शिकायत गांव के दर्जनों लोगों पीड़ित हैं। लोगों में उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी थी। शनिवार सुबह तक एक दर्जन से अधिक लोग ग्रसित हो गये। कृष्ण मोहन महतो (70 वर्ष ) मुटुकमनी देवी (52 वर्ष) क्षेत्रपति महतो (45 वर्ष) झालोमनी देवी (35 वर्ष) सुखराम महतो ( 40 वर्ष) को निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की टीम गांव में कैंप कर रहा है। पंचमी देवी (40 वर्ष) पुशु लोहरा (63 वर्ष) आदि है। इस संबध में चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा ने कहा की गांव के लोगों में डायरिया के लक्षण पाए गये हैं। पीड़ित लोग संभवत दूषित पानी का सेवन किए होंगे। गांव में जांच शिविर लगाकर सभी को स्लाइन और दवा दी गयी है। स्थिति नियंत्रण में है। ग्रामीणों को सावधानी में रहने को कहा गया है।

# बिरसा कॉलेज में खेल दिवस समारोह का शानदार समापन, खिलाड़ी सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बिरसा कॉलेज में बुधवार ये जारी खेल दिवस समारोह और खेल प्रतियोगिता का शनिवार को शानदार समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य जे किड़ो ने प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीम और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। प्राचार्या ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से कॉलेज के खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आयी है। बिरसा कॉलेज में महिलाओं की दो क्रिकेट टीम है। खिलाड़ियों ने खुद को साबित कर दिखाया है। कहा कि कॉलेज में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया



जायेगा। खिलाड़ी लगातार अभ्यास करते रहें, एक दिन यहां के खिलाड़ी विदेशों में जाकर खेलेंगे। जल्द ही शूटिंग राइफल का भी ट्रायल होगा। खूंटी में राइफल का भी प्रशिक्षण हो रहा है, उसमें भी खिलाड़ी हिस्सा लें। हॉकी में राजनीति विभाग, महिला फुटबॉल में हिंदी विभाग, वॉलीबॉल में हिन्दी विभाग विजेता रहे। महिला बैडमिंटन में सोनी कुमारी प्रथम स्थान पर रही। प्रतियोगिता में सुनील कुमार, उमेश कुमार ने रेफरी की भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में डॉ अभिषेक, डॉ निहाल, डॉ प्रतीक, डॉ नुपुर, डॉ सिजरेन, डॉ इंदिरा, डॉ तारीफ लुगुन, राजकुमार गुप्ता और अन्य ने योगदान दिया।

# विधायक अंबा प्रसाद को राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में राष्ट्रीय सचिव और पश्चिम बंगाल का चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर पिपरवार कोयलांचल के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने विधायक अंबा प्रसाद को बधाई देते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया है। पिपरवार कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओ ने विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व मे इसको लेकर जश्न मनाया एवं एक दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस संबंध मे विधायक प्रतिनिधि



राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में राष्ट्रीय सचिव और पश्चिम बंगाल का चुनाव प्रभारी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओ मे खुशी की लहर है, जिसके लिए कार्यकर्ताओं ने विधायक अंबा प्रसाद को बधाई देते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया है। बधाई देने वालो मे राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पिपरवार क्षेत्रिय सचिव विद्यापति सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, नकुल प्रसाद, संजीव चौरसिया, संतोष यादव, उमेश यादव, विकास कुमार, बसंत कुमार, टिकेश्वर साव सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

## अमानत अली इंटर कॉलेज की सौवीं वर्षगांठ मनी




बुंडू (आजाद सिपाही)। अमानत अली इंटर कॉलेज बुंडू के संस्थापक अमानत अली का सौवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर इंटर 2024 में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के टॉपर मानसिंह महतो, आयुष कुमार मांझी, अनीश कुमार मांझी, वाणिज्य से निभा कुमारी, चमेली कुमारी रूमा कुमारी कला से बुरू मुंडा, अलीशा टुडु, अभिमन्यु अहीर को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समोरह में जैक सदस्य राधा रमण साहू, डॉ जयराम महतो, रोहन सिंह मुंडा, मयंक मिश्रा, श्वेता सिंह, अनूप साहू, अब्बू अब्बास अली, अब्बू सईद अंसारी, प्रदीप मुंडा आदि मंच पर मौजूद थे।

# तुमांग पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** तुमांग पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर खलारी बीडियो संतोष कुमार सिंह, अंचलाधिकारी प्रणव अंबष्ठ एव विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं का विभागों के स्टॉल लगाया गया था। जिसमे ग्रामीणों ने संबंधित योजनाओं को लेकर आवेदन जमा किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस मौके पर बीडीओ और सीओ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के बीच



परिसंपत्तियों का वितरण किया। ग्रामीणों के बीच धोती साड़ी एव 31 महिला समूहों को ऋण वितरण किया गया। अबुआ आवास योजना में 08 आवेदन, आधार कार्ड 14, कम्बल वितरण 11, जन्म प्रमाण पत्र 01, धोती साड़ी 09, मृत्यु प्रमाण पत्र 01, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 14 और अन्य योजनाओं के लिए 94 आवेदन मिला। कूल 152 आवेदन में 143 का निष्पादन किया गया वही 9 आवेदन लंबित है। इस मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह कल्याण पदाधिकारी गोपाल राम दास, पीएचडी अभियंता दीपांकर कुमार, असित कुमार, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, उप मुखिया कोलेश्वर मुंडा, रवि रंजन, प्रवीण उरांव, किशोर कुजूर, सर्वरीनाथ चौरसिया, पप्पू सिंह, सुमित कुमार, सिंटू कुमारी, बिंदु कुमारी, नवीन वर्मा, सूरज कुमार, विजय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# मोनेट के मजदूरों का रोजगार छीनने वालों का होगा जोरदार विरोध: मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा ने शनिवार को मोनेट कोल वाशरी में गेट मीटिंग।गेट मीटिंग की अध्यक्षता नरेश गंझु और संचालन रामलखन गंझू ने किया। गेट मीटिंग में एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता उपस्थित थे। गेट मीटिंग को रंथू उरांव, जगरनाथ महतो, अमृत भोगता, नरेश गंझु ने संबोधित किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मोनेर कोल वाशरी के माध्यम से काफी लोगो को रोजगार मिला है और इस कंपनी के माध्यम से प्रत्यक्ष एव अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों की जीविका चल रहा है। इसलिए कोई निजी स्वार्थ के लिए इस कंपनी को बंद



कराकर यहां के विस्थापित और मजदूरों की रोजगार छिनने का प्रयास किया गया तो मोर्चा इसका जबरदस्त विरोध करेगा। वही मोनेट के मजदूरों की रोजी रोटी इस कंपनी से चल रहा है और इसे बन्द कर इन मजदूरों के पेट पर लात मारने वाले लोगों के विरोध में मोर्चा के लोग एव मोनेट के मजदूर सड़क पर उतरेंगे। इसलिए अपने निजी स्वार्थ के लिए कुछ लोग मजदूरों के रोजी रोटी छिनने से बाज आये अन्यथा मजदूर ऐसे लोगो के खिलाफ जोरदार तरीके से विरोध करेंगे। गेट मीटिंग में श्याम उरांव, संजीत सिंह, इस्माईल अंसारी, सावित्री देवी, देवांती देवी, सुलेखा देवी, अनिता देवी, शांति देवी, सीता देवी, मधु देवी, उदासी देवी, राधा देवी, मोहन गंझू, प्रेम पासवान, संदीप गंझू, सुरेश साव, राजू मुंडा, संजय गंझू, अरुण कुमार, राजेश गंझू, गुड्डू पाल, चरका गंझू मौजूद थें।

## राजा पीटर बासुदेव महतो के श्राद्ध कर्म में हुए शामिल



तमाड़ (आजाद सिपाही)। गोपाल कृष्ण पातर ऊर्फ राजा पीटर आज क्षेत्र के महुआडीह निवासी स्व बासुदेव महतो के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। और उनके परिवार वालों को अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। कहा की दुख के इस घड़ी में मैं आपके परिवार के साथ हूं साथ ही मृतक की पत्नी पुत्र समेत परिजनों से कहा कि आगे जब भी मेरी जरूरत होगी मैं आपके साथ रहुंगा। आगे भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर नीतीश पांडे मुचीराम लोहरा भरत महतो निरंजन महतो सुधीर महतो सुनील महतो सनातन लोहरा राजा कर्मकार दीपक शाहदेव मिलन चटर्जी अमीत गांगुली अनंत सेठ सहित काफी संख्या में मृतक के इष्ट मित्र कुटुंब आदी मौजुद थे।

## संत जेवियर में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। संत जेवियर उच्च विद्यालय बुंडू में फादर लॉन्जरुष मिंज स्मारक एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालक ग्रुप से चार टीम और बालिका ग्रुप से चार टीम हिस्सा लिए फाइनल के खेल में संत जॉन डोरिया तमाड़ ने संत इग्नासुस उच्च विद्यालय विजयगिरी को 1-0 गोल से हराकर विजेता बना वही बालक ग्रुप में फाइनल खेल में हाई स्कूल लांडुपडीह सोनाहातू ने पेनाल्टी गोल 3-2 के अंतर में इंटर कॉलेज सलगाड़ीह तमाड़ को पराजित कर विजेता बना। खेल का उद्घाटन जैक सदस्य डॉ राधा रमन साहू व जैक सदस्य अली अल अराफात ने संयुक्त रूप से फुटबॉल कीक मार कर उद्घाटन किया। मौके पर तमाड विधायक शामिल हुए और टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर मनोहर प्रसाद, राजीव लोचन महतो, अनूप रंजीत टोप्पो, फादर रिजोनेंस, फादर इलियास फादर डेनियल, जसपाल महतो, प्रदीप मुंडा, सजल कुंडू, बिंदेश्वर महतो, आदि मौजूद थे।

## पिपरवार जीएम ऑफिस में सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मियों को दी गयी विदाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह मे पिपरवार एरिया से सेवानिवृत हुए एक चिकित्सक व दो सीसीएल कर्मियों को विदाई दी गयी। इस विदाई सह सम्मान समारोह की अध्यक्षता पिपरवार महाप्रबंधक संजीव कुमार एवं संचालन कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा ने किया। विदाई समारोह के दौरान सेवानिवृत होने वाले कोयला कामगारों को महाप्रबंधक ने श्रीफल, सेवा प्रमाण पत्र, शॉल प्रदान कर सम्मानित किया एंव उपहार देकर विदाई दी। सेवानिवृत होने वाले सीसीएल कर्मियों में मुख्य रूप से बचरा क्षेत्रीय अस्पताल के सीनियर चिकित्सक डॉ. एके सिंह, जीएम युनिट के हेड पियुन अमृत महतो और पिपरवार परियोजना के सीनियर क्लर्क अमरेश कुमार राय का नाम शामिल है।इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत कर्मियों के उज्जवल और सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि पुराने एवं अनुभवी कर्मियों के रिटायर होने से कंपनी को क्षति पहुंच रही है। नये कर्मचारियों को पुराने कर्मियों से सीख लेने की जरूरत है।

## युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने किया फुदी पंचायत का दौरा, ग्रामीणों से की बातचीत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में चलो वार्ड, चलो पंचायत कार्यक्रम के तहत शनिवार को खूंटी प्रखंड के फुदी ग्राम में ग्रामीणो के साथ बैठक कर उनकी समस्यओं की जानकारी ली। बैठक में ग्रामीणों ने गांव में पीसीसी रोड न बनने, बिजली पोल तथा बिजली तार और सरकारी स्कूल की जर्जर स्थिति से निजात दिलाने और विद्यार्थियों के लिए स्कूल भवन निर्माण कराने का आग्रह जिलाध्यक्ष से किया। जिला अध्यक्ष अरुण संगा ने लोगों को आश्वास्त किया कि जल्द ही स्कूल और बिजली तार एवं पोल की स्थिति की समस्या से जिले की पदाधिकारी और सांसद को अवगत कराया जायेगा।

# कर्रा में कराटे कैंप ग्रेडिंग का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विजय कराटे एकेडमी के तत्वावधान में नाजरेथ इंग्लिश मीडियम स्कूल कर्रा में शनिवार को कराटे कैंप ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। कैंप में चयनित बच्चों को बेल्ट और सर्टिफिकेट देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। बेल्ट और प्रमाणपत्र पाने वालों



छात्रों में अंकित बरला, अंकित कश्यप, रोहन होरो, अनुष्का बारला, अंकित कश्यप, सुहानी कुमारी, आराध्या उरांव आदि शामिलल हैं। प्रधानाध्यापिका सेरोफाइना टोपनो ने सभी बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य प्रशिक्षक विजय कुमार, रोहित राज, आर्यन टोपनोकें अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पर्यावरणा संरक्षण के लिए इकोसिस्टम भी तैयार करना जरूरी : वैज्ञानिक हाजरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को कर्रा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में डॉ बोधीसत्वा हाजरा, सीनियर साइंटिस्ट, सीएसआइआर केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद के मार्गदर्शन में सोशल अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत एनर्जी और क्लाइमेट चेंज विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान वैज्ञानिक हाजरा ने एनर्जी और क्लाइमेट चेंज को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां छात्राओं को दी। सेमिनार में कक्षा नौ से 12वीं तक की छात्राओं को ग्लोबल वार्मिंग, कार्बन सिक्वेसस्ट्रेशन, कोल बेस्ड एनर्जी,



ग्रीन एनर्जी, ससटेनेबल खेती और जल संरक्षण के विषय पर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग से मानव के शरीर को भी नुकसान पहुंच रहा है। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए केवल पेड़ लगाने से नहीं बल्कि हमें पेड़ों को संरक्षित करने के साथ-साथ एक इकोसिस्टम भी तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि झारखंड कोल उत्पादन में सबसे आगे है। यहां का कोयला काफी अच्छा माना जाता है, खनन के माध्यम से हम कोयला निकलते है। धनबाद, बोकारो जैसे जिलो में कोयला काफी मात्रा में पाया जाता हैं। भारत में कोयले के माध्यम से बिजली का उत्पादन किया जाता है, परंतु जर्मनी जैसे कम जनसंख्या वाले देशों में विंड, वॉटर और सोलर के माध्यम से बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। इनकी तुलना में कोयले से बिजली का उत्पादन काफी सस्ता है, लेकिन कोयले से बिजली बनाने से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इससे होनेवाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे है। घर से निकलने वाले कचरों को लेकर उन्होंने छात्राओं के करियर को लेकर भी काउंसलिंग करते हुए कहा कि आप इंटरनेट के माध्यम से अपनी रुचि के विषय को बतौर करियर चुन सकते है। सेमिनार में पीएचडी रिसर्च स्कॉलर प्रसन्नजीत चक्रवर्ती, प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा, विद्यालय की वार्डन और छात्राएं उपस्थित थीं। फोटो ड उपाध्यक्ष दशरथ, ग्राम प्रधान दाउद, अब्राहम, धनी, विनोद आदि मौजूद थे।

## गड़बड़ी को लेकर ग्रामप्रधान संघ की बैठक




सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बारुहातू पंचायत सचिवालय में शनिवार को पारंपरिक ग्रामप्रधान संघ सोनाहातू की बैठक संघ के उपाध्यक्ष जगतपाल बड़ाईक की अध्यक्षता में की गयी। बैठक का संचालन सचिव गोपाल सिंह मानकी द्वारा किया गया। बैठक में अबुआ आवास योजना मे पूर्व की ग्राम सभा की प्राथमिकता सुची के आधार पर ही अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया। ग्राम प्रधानो का सम्मान राशि नियमित नहीं मिलने, पारंपरिक ग्राम प्रधान संघ को मजबुत करने, अगला बैठक 8 सितंबर को करने आदि विषयों पर चर्चा की गयी। मौके पर फनिभूषण सिंह मुंडा, भोलेश्वर सिंह मुंडा, भुतनाथ सिंह मुंडा, धीरज सिंह मुंडा, जिवाधन सिंह मुंडा, हृदय नाथ सिंह मुंडा, रवि सिंह मुंडा, सुरेंद्र सिंह मुंडा, हरिहर सिंह मुंडा, युगल किशोर सिंह मुंडा, मनसा सिंह मुंडा, रामकिशोर सिंह मुंडा लखिंदर पुरान आदि मौजूद थे।

## तालाब में कूद कर दी जान

मुरी (आजाद सिपाही)। सिल्ली साहेब बांध के में एक युवक तालाब में कूद कर जान दे दी। मामला बीती रात की है। युवक मुरी ओपी अंतर्गत कोकोराना का रहने वाला था उसका नाम हरिहर प्रसाद कोइरी 45 बर्ष है। जानकार सूत्रों के मुताबिक युवक अपने परिवार के साथ इलाज करने आया था। कुछ देर के लिए हास्पिटल से बाहर निकल आया था।

## सरकार के खिलाफ मनरेगा कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल 41वें दिन भी जारी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ अपनी मांगों को लेकर शनिवार को 41वें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। गौरतलब है कि ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी ने मीडिया के समक्ष कहा था कि मनरेगा कर्मी मेरे भाई है। इनका मानदेय बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर कलम तोड़ कर प्रस्ताव पारित कर दिया हूं। जिसका संगठन ने खंडन करते हुए विरोध किया है। इधर, प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि 41 दिन के हड़ताल के बाद भी विभागीय मंत्री ने विधिवत वार्ता के लिए कोई प्रयास नहीं किया। अपने मन से प्रस्ताव पारित कर बयान दे रहे हैं। उचित हो कि सबसे पहले संगठन से वार्ता करें और मांगों पर सहमती बने, तब अपना कलम तोड़ें। ज्ञात हो कि सचिवालय से लेकर पंचायत तक मनरेगा कर्मी कार्यरत है। इनको दो भागों में विभाजित किया गया है। जिला से ऊपर सभी कर्मी को ग्रेड पे दिया जाता है और प्रखंड से नीचे सभी को अल्प मानदेय दिया जाता है। सभी को मनरेगा योजना के व्यय राशि के 6 फीसदी प्रशासनिक मद से मानदेय भुगतान किया जाता है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि वातानुकुलित कक्ष में बैठने वाले को ग्रेड पे और ठंडा, गर्मी, बरसात, जंगल- पहाड़ पर काम करने वाले कर्मियों को सिर्फ अल्प मानदेय दिया जाता है।

## मासिक लोक अदालत में 153 वादों का हुआ निष्पादन, मिली 1.19 करोड़ की समझौता राशि

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके लिए कुल सात बेंच का गठन किया गया था। जिसमें अलग- अलग वादों से संबंधित समझौता प्रस्ताव पेश किया गया। इस लोक अदालत में कुल 153 वादों का निष्पादन किया गया। इस दौरान एकक करोड़ 19 लाख 72 हजार 305 रुपये का समझौता राशि विभिन्न वादों में निष्पादन कर प्राप्त की गई।

## झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण डीपीएस स्कूल के बच्चों का चयन




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं का चयन झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह चैंपियनशिप रविवार को रांची के खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित टाना भगत स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इन बच्चों के साथ उनके मार्शल आर्ट ट्रेनर राज कूपर भी शामिल होंगे। राज्य भर के स्कूलों से प्रशिक्षित कराटे चैपियंस इसमें भाग लेने आ रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के कोच के सामने उनका प्रदर्शन होगा। कई राउंड का मैच आयोजित होगा जिसमें बच्चों का फाइट टेक्नीक द्वारा आगे के राउंड के लिए उनका सिलेक्शन किया जाएगा। इस मैच के लिए कई महीनों से बच्चों को प्रशिक्षित किया गया है। कोच ने बताया कि स्कूल के बच्चे इस मैच के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं। जो बेड़ो से रांची जिला का प्रतिनिधित्व कर रहे इन बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की पूरी उम्मीद है। चयनित बच्चों में मानसी कुमारी, विशाल कुमार, पूजा कुमारी, पुष्पा कुमारी, सोनाली कुमारी, अलका कुमारी, परी कुमारी, विशाल लोहरा, तन्नु कुमारी, अमित उरांव, पवन उरांव शामिल है। वहीं, बच्चों को प्रधानाध्यापक दीपम बनर्जी, उप प्राचार्य सोनम प्रसाद, सभी शिक्षिकाओं व बेड़ो वसियों की ओर से शुभकामनाएं दी गई।

## उकरीद में राज्यसभा सांसद की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर, रौशनी से जगमग हुआ गांव



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उकरीद नकवा टोली में लंबे समय से बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को अब राहत जाकर मिली है। राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू के गांव में ट्रांसफार्मर खराब होने की खबर पर त्वरित पहल करते हुए विद्युत विभाग की मदद से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। नए ट्रांसफार्मर का राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र साही ने फीता काटकर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उद्घाटन किया। गांव में रौशनी आते ही ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी की लहर देखने को मिली। सभी ने इस समस्या के समाधान के लिए राज्यसभा सांसद और अन्य नेताओं का धन्यवाद किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, मंडल महामंत्री अलखनाथ महतो, राजेश गुप्ता, युवा मोर्चा महामंत्री गणेश महतो, कामेश्वर महतो, प्रयाग महतो, जितेंद्र महतो, रोहित महतो, गिरधारी महतो, मोहित महतो, निखिल मेहता, लक्ष्मी महतो, कमलेश महतो, दिलेश्वर महतो, दीपक कुमार मेहता आदि उपस्थित थे।

## प्रभुदयाल बड़ाईक ने चलाया जनसंपर्क



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने शनिवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के जोरार, आरागेट, बड़काटोली में जनसपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों से मिले एवं उनकी समस्या को सुना। ग्रामीणों ने भाजपा नेता से कहा कि बच्चों का जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में बहुत परेशानी हो रही है। ब्लॉक में कई चक्कर लगाने के बाद भी महीनों दौड़ाया जाता है। इस पर प्रभुदयास ने कहा कि इस सरकार से सभी वर्ग के लोग परेशान है। इसलिए आने वाले विधानसभा चुनाव में व्यवस्था परिवर्तन कर मुसीबत से छुटकारा पाए। मौके पर गोपाल प्रजापति, शिवदयाल ठाकुर, दुर्गा बड़ाईक, कुणाल बड़ाईक, नवीन बड़ाईक, भजन मुंडा आदि थे।

# बच्ची की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, कुएं से शव बरामद

### गांव में तनाव, शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस बलों की तैनाती

आजाद सिपाही संवाददाता

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के बानापीड़ी गांव में नौ साल की एक बच्ची की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान सुफियान अंसारी की पुत्री सादिया प्रवीण के रूप में हुई है। शुक्रवार की रात बानापीड़ी गांव में ही स्थित एक कुएं से उसका शव बरामद हुआ। इस घटना से गांव में तनाव का माहौल है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव में पुलिस बलों की तैनाती कर दी गयी है।

जानकारी के मुताबिक सादिया शुक्रवार को अपनी सहेली के साथ गांव के ही राजकीय मध्य विद्यालय में पढ़ने गयी थी। शाम को स्कूल से घर आने के क्रम में दोनों बच्चियां नींबू तोड़ने चली गई। वहीं से सादिया अचानक लापता हो गयी। देर शाम तक बच्ची जब अपने घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी क्रम में सादिया का शव कुआं से बरामद किया गया।



मृतका सादिया प्रवीण की फाइल फोटो।

### मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हुआ पोस्टमार्टम

मृतका बच्ची सदिया प्रवीण का पोस्टमार्टम डीसी के निर्देश पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में रांची के रिम्स अस्पताल में किया गया। वहीं गांव में शांति व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। उक्त मामले में थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि घटना की जांच हर की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल लोगों से गांव में शांति बहाल रखने की अपील की गयी है।

## जंगल से युवक का शव बरामद

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खिजरी कोचाटोली मैदान के समीप जंगल से पुलिस ने शनिवार को एक युवक का शव बरामद किया। उसकी पहचान सिद्रोल निवासी स्व धनेश्वर सिंह के बड़े पुत्र मुकेश सिंह (30) के रूप में हुई। वह पेशे से मजदूर था। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। इधर, मुकेश का शव मिलने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी तरफ नामकुम मुंडागड़ा के समीप रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया की व्यक्ति की मौत हटिया हावड़ा ट्रेन की चपेट में आकर हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया।

## संकट दिखते ही तुरंत 112 एवं 100 नंबर डायल करें: डीएसपी

**महिला सुरक्षा के कानूनी प्रवधान से छात्राओं को कराया अवगत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** यक्ष्मा आरोग्यशाला परिसर स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज सभागार में महिला सुरक्षा पर शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डीएसपी अखिल नितिश कुजूर ने छात्राओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाली अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण के साथ कुद को सुरक्षित रखने की जानकारियां दी। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाये गए कानूनी प्रवधान पर चर्चा करते हुए छात्राओं को किसी भी अनजान फोन नंबर के प्रति सजग रहने को कहा। बाल विवाह, मानव तस्करी, साईबर और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली अपराधिक घटनाओं से से छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने छात्राओं को सचेत करते हुए बताया कि अगर किसी प्रकार की असुरक्षित महसूस होने पर तुरंग 112 और 100 नंबर पर डायल कर तत्काल सूचना दें। पुलिस उनकी मदद को तुरंत पहुंचेगी। वहीं, साईबर अपराध से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए 1930 डायल करने की सलाह दी। वहीं, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने थाने का नंबर साझा करते हुए बैंक एटीएम, शिक्षण संस्थानों में लगे डायल 112 क्यू आर कोड की जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक नैंसी राजेल, सुदर्शन यादव, प्रेमा शालिनि तिर्की, रंजीत कुमार, अनिमा आदि मौजूद थे।



## अवैध बालू लदा तीन टर्बो व एक हाइवा जब्त, दो गिरफ्तार

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काठीटांड व तिलता में छापामारी कर नये थाना प्रभारी राम नारायण सिंह ने बुढ़मू थाना व ठाकुरगांव थाना की ओर से आ रहे अवैध बालू लदे 3 टर्बो व एक हाईवा को जब्त कर लिया। चालकों से बालू से संबंधित चालान मांगने पर वे दिखाने में असमर्थ रहे। जिसके बाद दो चालकों को भी गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर रातू अंचल अधिकारी रवि कुमार ने 8 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें चार वाहन चालक और वाहन मालिक बताए जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने सख्त हिदायत दी कि बालू की अवैध तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ उनका अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मांडर थाना प्रभारी ने किया चान्हो के नेत्रहीन विद्यालय का निरीक्षण

**मांडर (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी राहुल ने शनिवार को चान्हो नेत्रहीन विद्यालय का दौरा कर वहां के बच्चों के साथ समय बिताया। उन्होंने बच्चों की शिक्षा और जीवन की जानकारी ली। साथ ही उनकी जरूरतों को समझने की कोशिश की। इस दौरान मांडर के आकाश आचार्य भी मौजूद थे, जो हमेशा नेत्रहीन बच्चों की मदद के लिए तैयार रहते हैं। इस मौके पर सिस्टर असुनता और स्कूल टीचर बृजेश ठाकुर भी मौजूद थे। वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि नेत्रहीन बच्चों की शिक्षा और विकास के लिए हमें मिलकर काम करना होगा। हमें उनकी जरूरतों को समझना होगा और मदद करनी होगी। वहीं, सिस्टर असुनता ने कहा कि नेत्रहीन बच्चों की शिक्षा और विकास के लिए हमें सरकार और समाज के सहयोग की जरूरत है। मौके पर आकाश आचार्य और राजीव गुप्ता उपस्थित थे जो हमेशा इस विद्यालय के छात्रों के साथ प्रत्येक अवसर पर उपस्थित रहते हैं और उनके सुख-दुख में साथी बने रहते हैं। इस मौके पर राहुल और उनके सहयोगियों ने नेत्रहीन बच्चों की जरूरतों को समझने की कोशिश की।

## नगड़ी में आठ साल की बच्ची से किया कुकर्म, एक गिरफ्तार

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत दलादली ओपी के लालगुटवा गांव में आठ साल की एक बच्ची से दरिंदगी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पुलिस ने लालगुटवा गांव के समीप एक वेयरहाउस में सीमेंट लोड करने आये राजू महतो नामक एक टेलर चालक को गिरफ्तार किया है। उस पर आठ साल की छात्रा से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप है। लोगों की मानें तो राजू महतो शुक्रवार की देर शाम ट्यूशन पढ़ कर अपने घर लौट रही छात्रा को अगवा कर अपने ट्रक में रखा था। करीब दो घंटे बाद लड़की को मुक्त किया। डरी सहमी बच्ची ने मां को घटना की जानकारी दी। इसके बाद शनिवार को स्थानीय लोगों की मदद से चालक को पकड़ कर दलादली ओपी को सौंप दिया गया। वहीं, बच्ची के परिजनों ने लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में दलादली ओपी प्रभारी ने बताया कि बच्ची और टेलर चालक का मेडिकल जांच कराया जाएगा उसके बाद गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

### अबुआ आवास लाभुकों के चयन में अनियमितता का आरोप

## सरकार आपके द्वार शिविर में ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के पहले ही दिन शनिवार को हुरहुरी में अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन में अनियमितता की बात सामने आयी। आठ वार्ड सदस्यों की अगुआई में ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और पंचायत सचिवालय के समक्ष धरना दिया। मुखिया पर घर बैठे ग्रामसभा कर बिचौलिये से मिलकर मनमाने तौर पर लाभुकों की सूची तैयार करने का आरोप लगाया। वहीं, तारूप में भी यही मुद्दा छाया रहा। प्रभारी बीडीओ रवि कुमार ने इसकी जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद लोग शांत हुए। हुरहुरी में जनसेवक कमला कांति किंडो व तारूप में नीरज त्रिपाठी कार्यक्रम प्रभारी और अभिषेक नोडल ऑफिसर थे।



### लोगों ने दी 892 अर्जी

तारूप व हुरहुरी पंचायत में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान, सर्वजन पेंशन, अबुआ आवास , केसीसी, बिरसा फसल बीमा, बिरसा सिंचाई कूप, बिरसा हरित ग्राम, आयुष्मान कार्ड, बाल विकास, सावित्री बाई फुले, 15 वें वित्त, जन्म, मृत्यु, बिजली, वन, गुरुजी छात्र क्रेडिट कार्ड, रोजगार सृजन, खाद्य सुरक्षा, ग्रीन राशन कार्ड, धोती-साड़ी, जाति, आय, आवासीय, वन पट्टा, राजस्व अभिलेख व आधार कार्ड में सुधार, पशुधन तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की योजनाओं को लेकर 892 अर्जियां पड़ी। इसमें से कई समस्याओं का त्वरित निपटारा भी किया गया।

## इटकी में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कुल्ली पंचायत सचिवालय में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लाभुकों के बीच लाखों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मुखिया व पंचायत सचिव हड़ताल में जाने के कारण अनुपस्थित रहे। उधर, कार्यक्रम में सरस्वती सखी मंडल को छह लाख रुपये मुद्रा लोन और शोभा कुजूर को 3.5 लाख रुपये ऋण दी गई। जबकि 10 लाभुकों को वृद्धा पेशन के लिए स्वीकृति पत्र दिया गया। वहीं, अबुआ आवास, किसानों को छिड़काव मशीन सहित लाखों की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इधर, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास, विधवा पेशन सहित कई अन्य योजनाओं के लिए दर्जणों लाभुकों ने आवेदन जमा दिया। मौके पर जिप सदस्य रीणा देवी , बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग , सीओ विजय कुमार आदि थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का समापन, न्यायायुक्त ने दिये कई निर्देश

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त द्वारा रांची व्यवहार न्यायालय के कांफ्रेंस हॉल में शनिवार को मध्यस्थों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, निबंधक व्यवहार न्यायालय रांची प्रशांत कुमार वर्मा एवं रांची मध्यस्थता केंद्र के सभी अधिवक्ता उपस्थित थे। झालसा कैलेंडर के अनुसार मध्यस्थों के लिए मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम में न्यायायुक्त ने निर्देश दिया कि रेफरल जज द्वारा मध्यस्थता के लिए भेजे गए किसी भी मामले को निर्धारित समय से पूर्व मध्यस्थता रिपोर्ट को संबंधित न्यायालय को समर्पित करने का प्रयत्न करें। उन्होंने मध्यस्थों को लंबित वादों के निष्पादन को लेकर कई निर्देश दिए। कहा कि अधिक से अधिक लंबित वादों को मध्यस्थता केंद्र में रेफर कर सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने मध्यस्थता में आ रहे समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और जल्द ही समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## पांच दिवसीय एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट आज से, 32 टीमें होंगी शामिल

**रांची (आजाद सिपाही)।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा, (मांडर) के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का उद्घाटन रविवार को होगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच पांच सिंतबर को होगा। खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो और मो साकिब ने बताया कि रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़खुखरा स्थित खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें शामिल होंगी। रविवार को उद्घाटन मैच (ग्रुप ए) न्यू तूफान क्लब टांगरवसली और युवा विकास क्लब बुढ़ाखुखरा के बीच खेला जाएगा। रविवार को कुल सात मैच खेले जाएंगे। वहीं, मो साकिब ने बताया कि टूर्नामेंट के विजेता को 75 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी, उपविजेता को 45 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी दिया जाएगा। साथ ही तृतीय और चतुर्थ स्थान पानेवाले टीम को 11-11 हजार रुपए नगद देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सिरीज होने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## अनगड़ा के सत्यदेव मुंडा बने ज़िला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति के सदस्य



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने बीसा पंचायत के बेंती गांव निवासी एवं भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा को जिला विकास समन्वय व अनुश्रवण समिति रांची का सदस्य मनोनित किया है। इस पर सत्यदेव मुंडा ने केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित भाजपा के अन्य वरीय नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि सुदूर गांव में रहने वाले पार्टी के एक मामूली कार्यकर्ता को यह दायित्व सौंपा गया है। यह भाजपा में ही संभव है। कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उसका वे बखूबी निर्वाह करेंगे। वहीं, सदस्य बनाए जानें पर भाजपा के पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जैलेंद्र कुमार, बुधराम बेदिया, सुनील कुमार महतो, गौरी शंकर मुंडा, रामसाय मुंडा, राजेंद्र महतो, अगमलाल महतो, जगेश्वर महतो, संजय नायक, मानेश्वर मुंडा, दिलीप मिर्धा, सोहरैया बेदिया, पंचम भोगता और गांधिया करमाली आदि ने बधाई दी है।

## बीडीओ की अनदेखी से नाराज जनप्रतिनिधियों ने नगड़ी प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगरी बीडीओ की अनदेखी से नाराज जनप्रतिनिधियों ने शनिवार को नगड़ी प्रखंड कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। जनप्रतिनिधियों को प्रखंड कार्यालय की ओरर से शनिवार को चेटे पंचायत में होने वाले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के संबंध में जानकारी नहीं देने पर सभी ने नाराजगी जाहिर की। जिप सदस्य पूनम देवी ने कहा कि प्रखंड में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्हें सूचना नहीं मिलने से आम लोगों तक भी सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं पहुंच पा रही है। प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारी हमारी इसी तरह उपेक्षा करते रहें तो हम सब जनप्रतिनिधि आंदोलन करने को बाध्य होंगे। साथ ही इसकी जानकारी मुख्यमंत्री और डीसी आदि को भी दी जाएगी। मौके पर उप प्रमुख अफसाना परवीन, पंसस शीला देवी, अनीता देवी, गुलरेज अंसारी आदि थे।

## पत्रकार के पिता का निधन, शोक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** दैनिक अखबार के पत्रकर अखिलेश कुमार के पिता रामजी प्रसाद (78) का शनिवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बिमार थे। उनका रांची कोकर स्थित सेमफोर्ड अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां उन्होंने दोपहर 2.30 बजे अंतिम सांस ली। रामजी प्रसाद सीसीएल सीनियर ओवरमैन (बेरमो बोकरो) से सेवानिवृत्त, ईमानदार व लोकप्रिय व्यक्ति थे। उनका अंनिम संस्कार देर शाम पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णरेखा नदी मुक्तिधाम घाट पर किया गया। बड़े बेटे मिथिलेश प्रसाद ने मुखाग्नि दी। रामजी प्रसाद के निधन पर पोता विकास कुमार, विशाल कुमार, अनिकेत कुमार, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, झारखंड आंदोलनकारी रिंकू सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पत्रकार सूरजमणि सिंह, राजेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, मनोज सिंह, भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, समीर राय, शंकर सिंह मुंडा, रितेश उरांव, रामअवतार केरकेट्टा, अखिलेश यादव, रामाधार सिंह, दिलीप साहू, गोपाल चौधरी, अशोक गोप, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर, शैलेश मिश्रा आदि ने शोक जताया है।

### विधायक ने विश्रामपुर नप में 2.75 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास

# विश्रामपुर को विकसित करने का संकल्प अब पूरा हो रहा : रामचंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शनिवार को विश्रामपुर नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में दो करोड़ 75 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। नगर विकास विभाग की ओर से स्वीकृत इन योजनाओं का क्रियान्वयन विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा कराया जायेगा। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि जिस सपने को लेकर हमने विश्रामपुर नगर परिषद की स्थापना कराई थी, वह अब पूरा हो रहा है। हमने संकल्प लिया था कि विश्रामपुर शहरी क्षेत्र को पूर्ण विकसित करूंगा और हमने यह कर दिखाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का पूर्ण विकास न्याय के साथ हो रहा है। बगैर किसी भेदभाव के विकास में सबको भागीदार भी बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में विश्रामपुर विस क्षेत्र का अकल्पनीय विकास हुआ है। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत, भाजपा नगर अध्यक्ष बबन राम, इदरीश हवारी, मणिभूषण पांडेय, डॉ वीपी शुक्ला, संतोष राम, संजय ठाकुर, किरण शर्मा, शमीम अंसारी आदि मौजूद थे।



विश्रामपुर में योजनाओं के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व अन्य।

## पलामू क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से बनने वाली सड़कों को मिली स्वीकृति, सांसद ने जताया आभार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महान अभियान के अंतर्गत करीब 113.46 किलोमीटर लंबी सड़क को स्वीकृति मिलने पर सांसद वीडी राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रामीण विकास, कृषि एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है। बतातें चलें कि पलामू जिला की आदिम जनजाति के गांवों में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी के लिए विभिन्न प्रखंडों में 24 सड़कों के निर्माण कार्य की स्वीकृति केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से दी गयी है। उक्त सड़क 90 करोड़ 33 लाख 29 हजार रुपये की लागत से निर्मित होना है। सांसद ने कहा कि उक्त सड़कों के निर्माण से आदिम जनजाति बाहुल्य गांवों में रहने वाले लोगों को आवागमन की सुविधा सुगम हो जाएगी। विदित हो कि उपरोक्त सड़कों में 5 सड़कों की निविदा प्रकाशित हो चुकी है जबकि 19 सड़कों की निविदा जल्द प्रकाशित होने वाली है।

## जेएनवी पलामू- 2 में अब 80 बच्चों का होगा नामांकन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार मानव संसाधन व शिक्षा विभाग की ओर से संचालित जपला के जवाहर नवोदय विद्यालय पलामू -2 के लंगरकोट में नवनिर्मित विद्यालय में अब पहले की अपेक्षा नामांकन सीटों में वृद्धि हो गयी हैं। इस संबध में प्राचार्य अशहर रूमी ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पलामू जिला के हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, उंटारी, विश्रामपुर, पाण्डु, नवाबजार, छतरपुर, नवडीहा, हरिहरगंज और पीपरा कुल 11 प्रखंडों के मेधावी छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए यह विद्यालय 2009 में अस्थायी रूप से संचालित किया जा रहा था। जिसमें उक्त प्रखंड के कुल 40 बच्चों का नामांकन लिलया जाता था। पर अब यह विद्यालय जपला के ग्राम लंगरकोट स्थित स्थाई भवन में संचालित हो रहा हैं। जिसमें नामांकन क्षमता की बढ़ोतरी करते हुए अब 80 बच्चों का नामांकन लेना है। उन्होंने बताया कि कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर तक हैं। उन्होंने उक्त प्रखंड के सभी अभिभावकों से अपील की है कि ज्यादा बच्चों को इस योग्यता परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन फार्म भरें। उन्होंने सभी सरकारी स्कूलों के अध्यापकों से भी अपने-अपने विद्यालय के मेधावी छात्रों को फार्म भरने में मदद करने का आग्रह किया है।

## पूर्व मंत्री स्व मधु सिंह के बेटे लाल सूरज ने भाजपा छोड़कर थामा कांग्रेस का दामन




**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। पांकी विधानसभा के पूर्व मंत्री स्व मधु सिंह के पुत्र लाल सूरज भाजपा छोड़ कांग्रेस का हाथ थाम लिया। वे शनिवार को रांची कांग्रेस कार्यालय में जाकर पार्टी की सदस्या ग्रहण की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उन्हें सदस्यता दिलाई। इस दौरान लाल सूरज ने कहा कि कांग्रेस में शामिल होने का उनका वर्षों पुराना सपना पूरा हुआ। पार्टी ने हमें जिस विश्वास के साथ शामिल किया है उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए सिर्फ पांकी विधानसभा ही नहीं, बल्कि पूरे पलामू में लोगों को जोड़ने का काम करूंगा।

## सम्मान और बेहतर करने की प्रेरणा देता रहेगा : रामाशीष

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नदी की बीच धारा में फंसे चरवाहे को बचाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए गए रेस्क्यू में अहम भूमिका निभाने वाले बघमनवा ग्राम पंचायत निवासी सुदेश्वर रजवार को विश्रामपुर पुलिस ने शनिवार को सम्मानित किया। बतातें चलें कि विगत शुक्रवार को तेज बारिश के बाद अचानक खुटिसोत नदी में बाढ़ आ गयी थी। टेडवा के पास नदी पार करने के क्रम में बिगन मांझी बीच धारा में फंस गया। वह मदद से लिए पुकारने लगा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना विश्रामपुर पुलिस को दी। थाना प्रभारी सौरभ चौबे के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंच गयी। इस बीच सुदेश्वर रजवार ने साहस दिखाते हुए पानी में कूद गया और बिगन माझी बचा लाया। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान व थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने सुदेश्वर को सम्मानित किया।

## उपायुक्त ने विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** फोटोयुक्त मतदाता सूचि के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता सूचि के अंतिम प्रकाशन के तहत मतदाता सूचि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराने एवं मतदाताओं के परिवर्धन-विलोपन व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। डीसी कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में सभी दलों को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की एक-एक प्रति उपलब्ध कराते हुए अनुरोध किया गया की वे मतदाता सूची की अच्छी तरह जांच कर लें। यदि किसी व्यक्ति का नाम अभी तक मतदाता सूची में निबंधित नहीं है तो प्रपत्र 06 के माध्यम से नाम निबंधन के लिए आवेदन समर्पित करवाने में सहयोग करें। साथ ही गलत विलोपन वाले प्रविष्टि का यदि कोई मामला संज्ञान में आता है तो उसकी जानकारी अवश्य उपलब्ध कराएं। मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं स्वच्छ बनाने में सभी का सहयोग अपेक्षित होगा।

## भाजपा नेता नरेंद्र पांडेय ने किया क्षेत्र भ्रमण, सुनी लोगों की समस्याएं

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने शनिवार को विश्रामपुर विस के कई गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और समाधान के लिए सार्थक प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस क्रम में बोदरा गांव में लोगों ने नरेंद्र पांडेय का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा केंद्र सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। कहा कि भाजपा के पास विकास का एक विजन है। जिसके तहत योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर निशाना भी साधा।

## पूर्व सांसद ने शोकाकुल परिवार से मिल कर ढाढ़स बंधाया

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू के पूर्व सांसद घुरन राम ने शनिवार को अररूआ मोड़ स्थित मृतक समाजसेवी कामेश्वर राम के शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। विदित हो कि स्व कामेश्वर राम कई महीनों से गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे। गत बुधवार की रात उनका निधन हो गया। यहां पूर्व सांसद घुरन राम ने उनके पांचों बच्चों से मिले। कहा कि जब भी परिवार को उनकी जरूरत हो जरूर याद करें। वे हर वक्त परिवार की मदद के लिए खड़े रहेंगे। मौके पर बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि, जिप प्रतिनिधि राजेश राम, शिक्षक विंदेश्वरी राम,विश्राम राम, संजय राम, टुडे, बिट्टू कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी बब्लू कुमार, पवन कुमार, रविंद्र कुमार, गंगा कुमार, मिथुन कुमार, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

## बाबा विश्वनाथ मंदिर में श्री कृष्ण की छठी का हुआ आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला जेपी चौक स्थित बाबा विश्वनाथ भाष्कर मंदिर परिसर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी छठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंदिर महिला मंडली मधुलता रानी, पूजा कुमारी, गीता कुमारी, रेखा देवी, मधु देवी, रोहिणी कुमारी, सुनीता देवी, उषा देवी आदि की ओर से किया गया। जिसकी शुरूआत बाल भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा व अनुष्ठान से की गई। इसके बाद गीत व संगीत का आयोजन किया गया। महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन व छोटे बच्चों द्वारा कान्हा भक्ति गीतों पर आधारित कई नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद महा प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर भाजपा नेता प्रेमतोष कुमार सिंह, राजेश कर्ण, बिनोद चौधरी, कामाख्या नारायण पाठक, अरबिंद ओझा, छोटू अगर्वल, मिथिलेश कुमार, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।


## कार्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी हजारीबाग

जिला स्कूल के नजउदीक, झील रोड, हजारीबाग। पिन-825301

E-mail:dto-hazaribag@jharkhandmail.gov.in

एतद् द्वारा सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), झारखण्ड द्वारा 15 साल पुराने व्यावसायिक वाहनों पर निबंधन प्रमाण पत्र नवीकरण नहीं होने के कारण आपत्ति दर्ज कराया गया है।

**Non levy of green tax from transport vehicles 15 years Old**

| S. No | Registration No | Registration Date | Vehicle Class | RLW | SC | CATG | Fitness Validity | Tax Upto | Green tax Due from | Green tax Due upto | years | Yearly tax | Green tax | audit | 12 years | Green tax from | GT yrs |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BIM5811 | 03-09-2000 | Goods Carrier | 16200 | 2 | HGV | 07-12-2021 | 16-04-2021 | 08-12-2021 | 07-12-2023 | 2 | 13600 | 2720 | 29-08-2023 | 02-09-2012 | 31-01-2019 | 2 |
| 2 | BR13C3033 | 02-02-2000 | Goods Carrier | 16200 | 2 | HGV | 01-12-2022 | 01-11-2023 | 02-12-2022 | 01-12-2023 | 1 | 13600 | 1360 | 29-08-2023 | 01-02-2012 | 31-01-2019 | 1 |
| 3 | BR13D0181 | 04-07-2000 | Goods Carrier | 5300 | 2 | LGV | 22-07-2022 | 03-10-2023 | 23-07-2022 | 22-07-2024 | 2 | 4800 | 960 | 29-08-2023 | 03-07-2012 | 31-01-2019 | 2 |
| 4 | BR13D9663 | 15-07-2000 | Goods Carrier | 5300 | 2 | LGV | 14-06-2022 | 14-10-2023 | 15-06-2022 | 14-06-2024 | 2 | 4800 | 960 | 29-08-2023 | 14-07-2012 | 31-01-2019 | 2 |
| 5 | BR13G0561 | 28-06-2000 | Goods Carrier | 5300 | 2 | LGV | 10-10-2022 | 27-03-2022 | 11-10-2022 | 10-10-2023 | 1 | 4800 | 480 | 29-08-2023 | 27-06-2012 | 31-01-2019 | 1 |
| 6 | BR13G0564 | 14-09-2000 | Goods Carrier | 5300 | 2 | LGV | 19-11-2022 | 13-12-2022 | 20-11-2022 | 19-11-2023 | 1 | 4800 | 480 | 29-08-2023 | 13-09-2012 | 31-01-2019 | 1 |
| 7 | BR13G0575 | 17-01-2001 | Goods Carrier | 5300 | 2 | LGV | 07-02-2022 | 16-10-2021 | 08-02-2022 | 07-02-2024 | 2 | 4800 | 960 | 29-08-2023 | 16-01-2013 | 31-01-2019 | 2 |
| 8 | BR13G0601 | 20-10-2000 | Goods Carrier | 5300 | 2 | LGV | 28-12-2021 | 19-07-2024 | 29-12-2021 | 28-12-2023 | 2 | 4800 | 960 | 29-08-2023 | 19-10-2012 | 31-01-2019 | 2 |
| 9 | BR13G1555 | 15-03-2000 | Goods Carrier | 5300 | 2 | LGV | 22-10-2022 | 14-03-2023 | 23-10-2022 | 22-10-2023 | 1 | 4800 | 480 | 29-08-2023 | 14-03-2012 | 31-01-2019 | 1 |
| 10 | BR13G4683 | 12-01-2000 | Goods Carrier | 6800 | 2 | LGV | 28-06-2021 | 11-10-2021 | 29-06-2021 | 28-06-2024 | 3 | 5600 | 1680 | 29-08-2023 | 11-01-2012 | 31-01-2019 | 3 |
| 11 | BR26A3851 | 24-01-2005 | Goods Carrier | 16200 | 2 | HGV | 27-11-2021 | 29-09-2023 | 28-11-2021 | 27-11-2023 | 2 | 13600 | 2720 | 29-08-2023 | 23-01-2017 | 31-01-2019 | 2 |
| 12 | BR536617 | 31-12-2006 | Goods Carrier | 25000 | 2 | HGV | 17-03-2022 | 27-06-2021 | 18-03-2022 | 17-03-2024 | 2 | 20000 | 4000 | 29-08-2023 | 30-12-2018 | 31-01-2019 | 2 |
| 13 | CG04FC4111 | 21-05-2009 | Goods Carrier | 36000 | 3 | HGV | 11-02-2023 | 09-02-2023 | 12-02-2023 | 11-02-2024 | 1 | 28800 | 2880 | 29-08-2023 | 20-05-2021 | 31-01-2019 | 1 |
| 14 | CG04JB8295 | 26-05-2008 | Goods Carrier | 28500 | 2 | HGV | 12-02-2022 | 04-12-2022 | 13-02-2022 | 12-02-2024 | 2 | 23200 | 4640 | 29-08-2023 | 25-05-2020 | 31-01-2019 | 2 |
| 15 | DL1M3970 | 18-10-2008 | Goods Carrier | 11900 | 3 | MGV | 26-03-2022 | 27-08-2023 | 27-03-2022 | 26-03-2024 | 2 | 9600 | 1920 | 29-08-2023 | 17-10-2020 | 31-01-2019 | 2 |
| 16 | HR38L1897 | 18-02-2005 | Goods Carrier | 16200 | 3 | HGV | 04-01-2022 | 24-05-2022 | 05-01-2022 | 04-01-2024 | 2 | 13600 | 2720 | 29-08-2023 | 17-02-2017 | 31-01-2019 | 2 |
